
दैनिक
सुप्रभात रायपुर
# प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 226 रायपुर, मंगलवार, 09 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596
E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444


3 खरोरा नगर में धूम धाम ...
मेरा फिल्मी कपूर परिवार ... 6


## आत्मनिर्भर भारत की ओर एक और कदम

# पीएम मोदी का सांसदों को स्वदेशी-जीएसटी पर नया मंत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजग सांसदों से भारत में बने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी मेला आयोजित करने और जीएसटी दरों में कटौती पर व्यापारियों से मिलने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों पर एक बैठक में एनडीए सांसदों से कहा कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में 20-30 व्यापारी सम्मेलन आयोजित करें ताकि व्यापारियों और दुकानदारों को जीएसटी के लाभों और सुधारों के बारे में शिक्षित किया जा सके।



मोदी ने कहा कि नवरात्रि से दिवाली तक, भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने और लोगों को 'मेड इन इंडिया' उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन करें। प्रत्येक सांसद को अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक क्षेत्र में एक प्रदर्शनी आयोजित करनी चाहिए। थीम: 卐गर्व से कहो ये स्वदेशी है卐 – स्थानीय कारीगरों, सूक्ष्म और लघु उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक में एनडीए नेताओं से स्वदेशी और जीएसटी सुधारों पर ज़ोर देने का आग्रह किया। उन्होंने सांसदों से नवरात्रि से दिवाली तक स्वदेशी मेले आयोजित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

इससे पहले नरेन्द्र मोदी ने शिक्षकों एवं छात्रों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाने और 'मेक इन इंडिया' एवं 'वोकल फॉर लोकल' पहल को तेज करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद में कहा कि स्कूलों को स्वदेशी दिवस या स्वदेशी सप्ताह जैसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं आपको स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए अभियान चलाने का एक गृहकार्य दे सकता हूं। छात्रों को घर से स्वदेशी उत्पाद लेकर आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और फिर उन पर चर्चा हो। छात्र स्वदेशी उत्पादों के समर्थन वाले पोस्टर लेकर गांवों में मार्च भी निकाल सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से एक माहौल बनेगा और लोग मेड इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल उत्पादों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित होंगे।



## भारत को अग्रणी नवाचार अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लें : राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया के सभी हितधारक देश में उपलब्ध प्रतिभा और ऊर्जा के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करके भारत को एक अग्रणी नवाचार अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लें। राष्ट्रपति मुर्मु ने यहां आयोजित ईईपीसी इंडिया के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीनकाल में भारत अध्यात्म और व्यापार दोनों क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व करता था। भारत को एक बार फिर ज्ञान और व्यापार का अग्रणी केंद्र बनाना सभी नागरिकों का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने आर्थिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते ईईपीसी से आग्रह किया कि वह इस संकल्प को पूरी दृढ़ता से आगे बढ़ाए। उन्होंने खुशी जताई कि पिछले 10 वर्षों में भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 70 अरब डॉलर से बढ़कर 115 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक के दौरान अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चुनौतियों के बावजूद यह उपलब्धि उल्लेखनीय है।

## बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट

# बस्तर में खुलेगा उद्योग और रोज़गार का नया द्वार

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

क्षेत्रीय विकास को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्य एवं उद्योग विभाग आगामी 11 सितंबर 2025 को बस्तर में इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रमुख निवेश संवर्धन पहल इससे पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टोक्यो, ओसाका और सियोल में सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। इन आयोजनों के माध्यम से नवंबर 2024 से अब तक ?6.65 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार अब छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट के माध्यम से निवेश संभावनाओं को बस्तर तक ले जा रही है, जो प्रदेश के सबसे गतिशील और संभावनाशील क्षेत्रों में से एक है।



बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024ङ्क30 के अंतर्गत संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस नीति का उद्देश्य रोजगार सृजन, उद्यमिता को बढ़ावा और स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि बस्तर की समृद्ध जनजातीय धरोहर और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण भी हो।

छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024ङ्क30 के अंतर्गत ?1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली अथवा 1000 से अधिक रोजगार सृजित करने वाली परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इस नीति में औषधि निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, आईटी एवं डिजिटल तकनीक, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस व डिफेंस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसके तहत बस्तर में होटल, इको-टूरिज़्म, वेलनेस सेंटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और खेल सुविधाओं जैसी परियोजनाओं पर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि बस्तर के 88 प्रतिशत ब्लॉक ग्रुप-3 श्रेणी में आते हैं, जिससे निवेशकों को अधिकतम नीति लाभ सुनिश्चित हो सकेगा।

समावेशन को बढ़ावा देने के लिए इस नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत एससी/एसटी उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी, वहीं नक्सलवाद से प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। यह सरकार की सामाजिक पुनर्वास और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक अभिनव पहल के रूप में, नई औद्योगिक इकाइयों में आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने पर पाँच वर्षों तक उनके वेतन पर 40 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम ?5 लाख प्रतिवर्ष) उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, बस्तर में स्टील सेक्टर की इकाइयों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी रीइम्बर्समेंट की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा और औद्योगिक विकास को स्थिरता प्राप्त होगी।

## नेपाल में फैली हिंसा से भारत भी अलर्ट, बॉर्डर पर बढ़ाई गई चौकसी

**एजेंसी,नई दिल्ली**

नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनज़र अधिकारियों ने भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी कर दिया है। भारत के सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सतर्कता बढ़ा दी है और भारतीय क्षेत्र में किसी भी तरह के अशांति के फैलाव को रोकने के लिए स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहा है।



अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि नेपाल में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल इस घटनाक्रम पर कड़ी नज़र रख रहा है। अधिकारियों ने ज़ोर देकर कहा कि मौजूदा अलर्ट निवारक प्रकृति का है और स्थिति नियंत्रण में है।

अधिकारियों के अनुसार, सीमा पर पर्याप्त तैनाती की गई है और कई सीमा चौकियों पर कड़ी जाँच की गई है। सुरक्षा बनाए रखते हुए लोगों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय भी बढ़ाया गया है।

## कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लगाया सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने चुनाव आयोग (ईसीआई) पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की बार-बार अवहेलना करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस के महासचिव एवं पार्टी में संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने तीसरी बार आदेश दिया है कि आधार को मतदाता पंजीकरण के लिए वैध पहचान पत्र माना जाए, लेकिन ईसीआई इस पर अमल करने में आनाकानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जानबूझकर वैध मतदाताओं के पंजीकरण में बाधा डालने के लिए बार-बार बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं।

रमेश ने अपने पोस्ट में कहा कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) को मान्यता देने से इनकार



किया और आधार को स्वीकार करने से भी मना कर दिया। आयोग ने अधिकारियों को केवल अपने द्वारा स्वीकार्य किए गए दस्तावेजों को ही मान्य करने के नोटिस भी जारी किए हैं। रमेश ने इसे ईसीआई द्वारा खुद पैदा की गई गड़बड़ी करार दिया और कहा कि चुनाव से पहले इस तरह का कदम अनुचित है।

रमेश कहा कि मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त और उनकी संस्था का इतिहास उन्हें माफ नहीं करेगा। आगामी चुनाव में विपक्ष को सत्तारूढ़ दल के खिलाफ लड़ाई के साथ-साथ चुनाव आयोग की चुनौतियों से भी जूझना पड़ रहा है।

## ईडी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पार्टी के प्रदेश महामंत्री को थमाया समन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में आज (सोमवार) ईडी की टीम कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पार्टी के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को समन दिया। यह समन सुकमा और कोंटा में बने कांग्रेस कार्यालय भवनों से जुड़ा है।




ईडी की टीम मामले की जांच के लिए सुकमा में बने कांग्रेस कार्यालय भी पहुंची थी। पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद ईडी के अधिकारियों की दलील है कि कवासी लखमा ने घोटालों के पैसों से सुकमा में कांग्रेस कार्यालय का निर्माण करवाया गया था।

इस बाबत मलकीत सिंह गैदू ने कहा कि उन्होंने समन रिसीव कर लिया है। सुकमा-कोंटा में कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में 4 तथ्यों में जवाब मांगा गया है।उन्होंने बताया कि ईडी की चार सदस्यीय टीम सुरक्षा बलों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन दफ्तर पहुंची थी और पूछताछ के लिए नोटिस दिया। समन में उनसे भवन निर्माण से जुड़े चार बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें 27 फरवरी तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

गैदू ने पत्रकारों से कहा कि सुकमा-कोंटा में भवन निर्माण से जुड़े सवालों पर बड़े नेताओं और अधिवक्ताओं से चर्चा कर जवाब पेश करूंगा। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के इशारे पर ईडी अपनी सीमाएं लांघ रही है। विपक्ष में रहते हुए हमने जनता के सहयोग से कार्यालय बनाया। अगर ईडी में हिम्मत है तो वह भाजपा के 150 करोड़ से बने मुख्यालय की जांच करे।

## जतिन नचरानी को छत्तीसगढ़ चेंबर में मिला मंत्री पद का दायित्व



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीसीसीआई) के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने जतिन नचरानी को संगठन के मंत्री पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति 2028 तक प्रभावी रहेगी। 2 सितंबर को जारी आदेश के माध्यम से थौरानी ने नचरानी को औपचारिक पत्र सौंपा।



सीसीसीआई छत्तीसगढ़ के औद्योगिक एवं व्यापारिक हितों का प्रमुख प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है। सतीश थौरानी ने नियुक्ति के दौरान कहा कि जतिन नचरानी का अनुभव और नेतृत्व क्षमता संगठन को मजबूत बनाएगी। नचरानी, जो रायपुर के प्रमुख व्यापारी हैं, ने पूर्व में विभिन्न व्यापारिक मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति से युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

नचरानी ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा, मैं संगठन की सेवा में समर्पित रहूंगा तथा स्थानीय व्यापारियों की आवाज को मजबूत करूंगा। सीसीसीआई के सदस्यों ने इस फैसले का स्वागत किया।

इस मौके पर चेंबर के कार्यकारी **अध्यक्ष ललित जैसिंघ, राधा किशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, वरिष्ठ सलाहकार एवं एमआईसी अध्यक्ष अमर गिदवानी, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, मंत्री धनेश मटलानी, रितेश बाधवा** प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## ब्रिक्स वर्चुअल शिखर सम्मेलन: भारत का यूएन में सुधार और तर्कसंगत व्यापार पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ब्रिक्स देशों के नेताओं के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भारत ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुधारों और देशों के बीच तर्कसंगत व्यापार पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रतिनिधित्व करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि व्यापार को गैर-व्यापारिक मुद्दों से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और विकासशील देशों के साथ व्यापार को विशेष और अगल स्थान देना चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को खुलेपन, निष्पक्षता, पारदर्शिता, भेदभावरहित रवैया और समावेशिता के अनुरूप बनाए रखना चाहिए। उन्होंने विकासशील देशों के लिए विशेष एवं भिन्न व्यवहार को संरक्षण



देने पर जोर दिया। उनके अनुसार विश्व को स्थिर और भरोसेमंद व्यापार और निवेश वातावरण चाहिए। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्पादन और विनिर्माण को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में प्रोत्साहित करना जरूरी है। इससे क्षेत्रीय आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और अनिश्चित परिस्थितियों में आशंकाएं कम होंगी।

जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यापार को बढ़ाने के लिए सहयोगी दृष्टिकोण आवश्यक है। अनावश्यक बाधाएं खड़ी करना या व्यापार को गैर-व्यापार मुद्दों से जोड़ना उचित नहीं होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि ब्रिक्स देश आपसी व्यापार प्रवाह की समीक्षा कर पूरी दुनिया के लिए उदाहरण स्थापित कर सकते हैं।

विदेश मंत्री ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के कामकाज में हाल के वर्षों में गंभीर कमियां उजागर हुई हैं, जिसने साझा समाधान की प्रक्रिया को बाधित किया है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र और उसकी सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि आगामी संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए।

## अमृतसर में पांच नशा तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

सीमा पार से नार्को-आतंकवाद नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने सोनी सिंह उर्फ सोनी को उसके चार साथियों समेत गिरफ्तार करके हेरोइन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के कब्जे से 8.1 किलो हेरोइन बरामद की गई है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि अमृतसर के अजनाला निवासी गुरसेवक सिंह, विशालदीप सिंह उर्फ गोला, गुरप्रीत सिंह और अर्शदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी बताया कि इस सिंडिकेट का पाकिस्तान से संबंध था और भारतीय क्षेत्र में हेरोइन की बड़ी खेपें पहुंचाने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह सिंडिकेट आगे के नेटवर्क में खेपों को पहुंचाने के लिए होटलों का उपयोग करता था। डीजीपी ने कहा कि हैंडलरों, सप्लाई चेन और वित्तीय नेटवर्क की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुलिस टीमों ने शहर के बाहरी इलाके से नशा तस्कर सोनी सिंह को 150 ग्राम हेरोइन और ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया था।

## उपराष्ट्रपति चुनाव: सत्ता और विपक्षी दलों के सांसदों ने ली वोट डालने की ट्रेनिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के 17वें उपराष्ट्रपति चुनने के लिए 9 सितंबर यानि मंगलवार को वोटिंग होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तरफ से सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी इंडी गठबंधन की ओर से उम्मीदवार पी सुदर्शन रेड्डी मैदान में हैं। वोटिंग के लिए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। मतदान संसद भवन के कमरा नंबर एफ-101, वसुधा में मंगलवार की सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। वोटों की गिनती शाम छह बजे शुरू होगी। उसके बाद विजयी उम्मीदवार की घोषणा की जाएगी।

इस बीच सोमवार का दिन एनडीए और इंडी गठबंधन के लिए काफी गहमागहमी भरा रहा। सुबह 12 बजे इंडी गठबंधन के सांसदों ने मॉक वोटिंग करके के सही मतदान करने की ट्रेनिंग ली। तो शाम तीन बजे संसद परिसर में



एनडीए के सांसदों ने कार्यशाला में वोटिंग की बारीकियों से रुबरू हुए ताकि कल मतदान के दिन कोई गलती न हो या फिर कोई वोट गलती से अमान्य न हो ।

दरअसल, उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान गुप्त तरीके से सिंगल ट्रांसफरेबल वोट सिस्टम के जरिए होता है। मतपत्र सफेद रंग के होते हैं, जिसमें दो कॉलम रहते हैं। एक कॉलम में हिंदी और अंग्रेजी में उम्मीदवारों के नाम और दूसरे कॉलम में वोट देने के लिए जगह खाली रहता है। खाली जगह पर वोटरों को अपनी प्राथमिकता दर्ज करनी होती है।

### उपराष्ट्रपति चुनावी मैदान में ये हैं उम्मीदवार

एनडीए की तरफसे सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन की ओर से उम्मीदवार पी सुदर्शन रेड्डी मैदान में हैं। सीपी राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे हैं और वे तमिलनाडु से आते हैं। वह लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं। इसके अलावा, तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल चुके हैं। वह 2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष रहे। वहीं इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी आंध्र प्रदेश से आते हैं। वे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं। साल 2013 में गोवा के लोकायुक्त भी रह चुके हैं।

# ईद मिलादुन्नबी पर स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर संपन्न






**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

पैगंबर साहिब (स.अ.) के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर छत्तीगसढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी सीटीबी फाउंडेशन तथा जयदीप ब्लड रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल शिविर का आयोजन मुस्लिम सामुदायिक भवन, ईदगाह भाठा, रायपुर में किया गया । इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया ।

शिविर में विशेष रूप से नेत्र रोग, दंत रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे साथ ही रक्त तथा अन्य प्रकार की जांच हेतु लैब टेक्निशियन भी मौजूद रहे। शिविर स्थल पर ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज सहित अन्य समुदायों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ओर कुल 73 यूनिट रक्तदान किया। संस्था ओर से सभी रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, रायपुर शहर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सुहैल सेठी सहित विभिन्न समितियों के पदाधिकारी मुस्लिम तेली समाज के वरिष्ठ हाती मुश्ताक खोखर, नटुभिनसरा सहित बिरादरी के अनेक लोग उपथित रहे। सीटीबी फाउंडेशन के संरक्षक हाजी इलियास निर्बान, अध्यक्ष रजिक चौहान तथा हाजी फैयाद चौहान ने बताया कि संस्था एवं एन.जी.ओ. द्वारा रायपुर, दुर्ग, भिलाई तथा अन्य स्थानों पर वर्षभर ऐसा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे लोगों को व्यापक लाभ मिल रहा है।

उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में जयदीप ब्लड बैंक रायपुर, चिकित्सकों की पूरी टीम तथा विशेष रूप से समाससेवी एवं रक्तदाता आरिफ तिगाला, दुर्ग, टीम के महत्वपूर्ण सहयोग व योगदान के लिए आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीटीबी फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य अजहरूद्दीन मिनसरा, जाफर खोखर, रफीक भाटी, साजिद भिनसरा, फयाज चौहान, हाजी रफीक चौहान, कासम भिनसरा, दावतें इस्लामी आदि की विशेष भूमिका रही।

# सन किंग, ऑफ-ग्रिड सोलर का विश्व नेता लेकर आया नया लोगो और नई पहचान




**एजेंसी, नई दिल्ली।** सन किंग, जो दुनिया का सबसे बड़ा ऑफ-ग्रिड सोलर ऊर्जा प्रदाता है, ने अपना नया लोगो और नई ब्रांड पहचान लॉन्च की। यह बदलाव कंपनी की लगातार बढ़ती प्रगति और भविष्य की सोच को दर्शाता है। नई पहचान यह दिखाती है कि सन किंग अपने ग्राहकों, व्यवसायों और समुदायों को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूती से काम कर रहा है।

सन किंग के सह-संस्थापक अनिश ठाक्कर ने कहा, हमारा नया लोगो हमारी सोच और हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है ङ्क उनके घरों के लिए सस्ती सौर ऊर्जा देना, ऐसे उपकरण उपलब्ध कराना जो जीवन आसान बनाएं, और इतना पावर देना कि वे अपने व्यवसाय, स्कूल और समुदाय मज़बूती से चला सकें। इस रीब्रांडिंग के साथ, सन किंग अपने वादे को दोहराता है - आज और कल, ज़िंदगी को और उजाला देने का।

अब तक सन किंग ने दुनिया भर में 2.4 करोड़ से ज़्यादा घरों को रोशन किया है और हर महीने 3 लाख से अधिक नए सिस्टम इंस्टॉल कर रहा है। नया लोगो जहाँ कंपनी के बदलाव को दर्शाता है, वहीं सन किंग का वादा वही है - सस्ती और भरोसेमंद सोलर पावर सिस्टम देना, बेहतरीन लाइटिंग प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराना, और साथ ही फ्री इंस्टॉलेशन व आफ्टर-सेल्स सर्विस देना।

सन किंग की यह नई पहचान उसके असली वादे को और मज़बूत बनाती है - ज़िंदगी में और उजाला लाने का।

# एक्सिस बैंक ने एलजीबीटीक्यूआईए+ उपभोक्ताओं के वित्तीय परितंत्र उजागर करने के लिए पेश की 'पिंक कैपिटलः द स्पेक्ट्रम ऑफ क्वीर मनी'



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज 'पिंक कैपिटलः द स्पेक्ट्रम ऑफ क्वीर मनी' रिपोर्ट पेश की। यह एक गुणात्मक रिपोर्ट है जो भारत के एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के वित्तीय जीवन का पड़ताल करती है।

रिपोर्ट के मुताबिक समलैंगिक (क्वीयर) उपभोक्ता ज़रूरी चीज़ों पर खर्च को प्राथमिकता देते हैं। ये उपभोक्ता सबसे अधिक महत्त्व प्रणालीगत पहुंच एवं समानता (34.2ब), इसके बाद स्वास्थ्य सेवा एवं सुरक्षा (20ब), वित्तीय सुरक्षा एवं भविष्य की स्थिरता (18.6ब), भावनात्मक तथा सामाजिक मान्यता (17.3ब), और जीवनशैली तथा संस्कृति (10ब) को देते हैं। ये खर्च करने के तरीके एक ऐसे समुदाय को दर्शाते हैं जो अस्तित्व, सम्मान और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता देता है। उल्लेखनीय है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवा और वृद्धों की देखभाल प्रमुख क्षेत्रों के रूप में उभरे।

इसके अलावा अध्ययन में पाया गया कि समलैंगिक उपभोक्ता उन ब्रांडों की ओर तेज़ी से आकर्षित हो रहे हैं जो ठोस, समावेशी समाधान प्रदान करते हैं, जैसे संयुक्त खाते, पेंशन और स्वास्थ्य सेवा लाभ आदि। समावेशी ब्रांडिंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन रोज़मर्रा की प्रक्रिया में समावेश सबसे महत्वपूर्ण है जिससे स्थायी विश्वास बनता है।

वित्तीय सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता के लिहाज़ से दो प्रमुख बिंदु उभरे। युवा बैंकों और शैक्षिक संस्थानों पर ज़ोर देते हैं, जिसके आधार पर छात्र ऋण, छात्रवृत्ति और समलैंगिक-केंद्रित बचत या सेवानिवृत्ति उत्पाद तैयार हो सकते हैं, वहीं बुजुर्गों ने सामुदायिक आवास मॉडल और समलैंगिक-समर्थक सेवानिवृत्ति गृह की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

एक्सिस बैंक के एक्ज़िक्युटिव डायरेक्टर, मुनीश शारदा ने कहा, फ्रपिछले कुछ वर्षों में, एक्सिस बैंक ने 'एमएक्स' या ट्रांसजेंडर व्यक्तियों द्वारा खोले गए हज़ारों खातों को सेवा प्रदान की है - जो बढ़ते विश्वास, समुदाय के साथ गहन जुड़ाव और विशिष्ट व तेज़ी से सामने आने वाले ग्राहक वर्ग के उदय का प्रमाण है।

एक्सिस बैंक इस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए इस रिपोर्ट के ज़रिये एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय की आर्थिक वास्तविकताओं और आकांक्षाओं को उजागर कर समावेशी बैंकिंग को एक कदम आगे ले जा रहा है।

एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्ज़िक्युटिव और प्रमुख - ह्यूमन रिसोर्स, राजकमल वेम्पति ने कहा, फ्रपिंक कैपिटल को सामने लाकर, हम न केवल उचित पहल कर रहे हैं, बल्कि भारत में समावेशी वित्त के भविष्य का निर्माण भी कर रहे हैं।फ्र

यह रिपोर्ट एक्सिस बैंक के व्यापक ईएसजी और डीईएंडआई एजेंडे का हिस्सा है, जिसे 2021 में सकमऐज़्यूआर चार्टर के लॉन्च के साथ और विस्तृत किया गया। इस चार्टर ने एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए समावेशी नीतियों और प्रथाओं की शुरुआत की, जैसे समान लिंग वाले साथियों के लिए संयुक्त बचत और टर्म डिपॉज़िट, साथ ही साथियों के लिए नामित करने की सुविधा और विभिन्न लिंग पहचान वाले ग्राहकों के लिए श्रीमान और सुश्री के बजाय सम्मानसूचक 'एमएक्स ' का प्रयोग। बैंक गोपनीयता का सम्मान करते हुए समावेशी पहुंच की वकालत करता रहा है, जिसमें समान लिंग वाले साथियों का डेटा एकत्र न करना भी शामिल है।

# पूर्वजों के सम्मान का पर्व है पितृपक्ष, श्रद्धा के साथ दिया जा रहा पितरों को तर्पण



**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**

पूर्वजों के सम्मान का पर्व पितृपक्ष प्रारंभ हो गया है। सुबह से ही घरों में विधि विधान से पूर्वजों का आह्वान कर भोग लगाया गया। पर्व के चलते तोरई व उड़द दाल की मांग बढ़ गई है। शास्त्रों के अनुसार साल के 15 दिनों को पितरों के लिए सुरक्षित किया गया है। इस दिन घर के बड़े बुजुर्ग पितृ पक्ष भर स्वर्गीय हो चुके अपने बुजुर्गों का श्राद्ध करते हैं। ऐसी मान्यता है कि साल के इन 15 दिनों में स्वर्गवासी हो चुके पितर अपनी मृत्यु की तिथि के अनुसार संसार में आते हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार वालों द्वारा अपनी मृत्यु पितरों का श्राद्ध किया जाता है।

तालाबों में अपने पितरों को कुश के माध्यम से जल अर्पण कर पूजा की गई। इसके बाद सुबह घर के आंगन में चावल के आटे से रंगोली बनाकर उस पर पीढ़ा रखा गया साथ ही लोटे के पानी में दातून रखकर पूर्वजों का आह्वान किया गया। इसके बाद पकवान व भोजन का भोग लगाया गया। ऐसी मान्यता है कि यदि पूर्वजों के लिए रखें इन पदार्थों को कौवा खा लेता है तो पूजा सार्थक मानी जाती है। पूर्वजों के पूजन में तोरई के पत्तों सब्जी व उड़द दाल का विशेष महत्व है। इसके चलते इन सामानों की मांग एकाएक बढ़ गई है। मार्केट में तोरई सब्जी की कीमत 80 रुपये तक पहुंच गई है।

**जन्म के बाद से मानव के ऊपर होते हैं तीन प्रकार के ऋणः**

विप्र विदवत परिषद के सदस्य पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि पिता-माता आदि पारिवारिक मनुष्यों की मृत्यु के पश्चात् उनकी तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक किए जाने वाले कर्म को पितृ श्राद्ध कहते हैं। हिंदू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों को जल अर्पण करने से उनकी आत्माओं को तृप्ति मिलती है। जन्म के बाद से मानव के ऊपर तीन प्रकार के ऋण पितृ ऋण, देव ऋण व ऋषि ऋण होते हैं। उनमें से पितृ ऋण के रूप में ही पितरों का श्राद्ध किया जाता है।


**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..............अ/6 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 25.08.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) वैभव चन्द्राकर पिता झालाराम चन्द्राकर निवासी बरबसपुर तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 2165/4 का भाग रकबा 232.26 वर्गमीटर (2500 वर्गफुट) भूमि खातेदार चूडामणि चंद्राकर पिता बोधीराम चंद्राकर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) चूडामणि चंद्राकर पिता बोधीराम चंद्राकर के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 16/10/2024 Book No- 1 Volume No. 77493 Pages 297 To 323 With Document No. CG-2024-25-106-1-5249 को आवेदक के नाम पर विकय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भुईया मद से दर्ज कर इस न्यायालय मे प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 10.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. - 0771-2991574
email ID-eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना सेजबहार, रायपुर में निर्मित भवन क्रं. एल.आई.जी.-1067, श्री ललित ताम्रकार पिता श्री गंगा प्रसाद ताम्रकार, के नाम पर इस कार्यालय का आदेश क्रं. 3750 दिनांक 17.10.2012 द्वारा एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 07.02.2013 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 25.07.2014 हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादन करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निप्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्री सूरज कुमार दीप पिता स्व. श्री गोवर्धन दिप, निवासी साहूपारा, गली नं.-3, नंदी चौंक, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 15.06.2016 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री सूरज कुमार दीप पिता स्व. श्री गोवर्धन दिप द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता नीरज कुमार शर्मा पिता गौरी शंकर शर्मा निवासी म.न. 0 सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि मेरी पुत्री ओजस्वी शर्मा पिता नीरज कुमार शर्मा का जन्म दिनांक 07/08/2025 को कमला बूमेन्स हॉस्पिटल रायपुर में हो चुका है।

3. यह कि मैं अपनी पुत्री ओजस्वी शर्मा का नाम शंशोधित करवाकर श्रीनिका शर्मा पिता नीरज कुमार शर्मा करवाना चाहता हूँ जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि कंडिका 01 से 03 तक की समस्त बाते मेरे ज्ञान अनुसार सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
नीरज कुमार शर्मा

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**
शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771.4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत दोंदेखुर्द जिला-रायपुर, में स्थित भवन क्रमांक **सीनि.एल.आई.जी.-49, श्री भागीरथी साहू पिता स्व.श्री बाला राम साहू** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 20.03.2009 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। उक्त आबंटी द्वारा दिनांक 30.08.2018 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती नान्हे साहू पति श्री अश्वनी साहू,** निवासी-69 दुर्गा चौक चोरभट्ठी रायपुर, तह. आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 07.07.2025 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन **क्रेता श्रीमती नान्हे साहू पति श्री अश्वनी साहू,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2,
रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzonel@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

निर्मित छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीरनगरेकामा कालोनी, रायपुर में KBT दुकानों/भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक भवन योजना के अतंर्गत, K.B.T.-316. श्री धनेश कुमार साहू पिता/पति श्री भोपाल सिंह साहू को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 15/03/2007 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 04/08/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री/श्रीमती जे.पी. यादव पिता/पति भी सरजू दीन यादव के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,
कबीर नगर, रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./..................../अ/6 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 25.08.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) दुर्गा साहू पति दिव्यानंद साहू साकिन ग्राम खमतराई, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 2209/1 का भाग रकबा 0.0233हे. (2500 वर्गफुट) भूमि खातेदार प्रियंका चंद्राकर पति चूडामणि चंद्राकर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) प्रियंका चंद्राकर पति. चूडामणि चंद्राकर के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 14/06/2024 Book No- 1 Volume No. 77290 Pages 372 To 399 With Document No. CG-2024-25-106-1-1727 को आवेदक के नाम पर विकय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भुईया मद से दर्ज कर इस न्यायालय मे प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 10.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र............ अ/6 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 25.08.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) तरूणलता साहू पति रामानुज साहू निवासी कोसमखुटा, तहसील मंदिरहसौद छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 2185/1 का भाग रकबा 0.0075हे. (800 वर्गफुट) भूमि खातेदार चूडामणि चंद्राकर पिता बोधीराम चंद्राकर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) चूडामणि चंद्राकर पिता बोधीराम चंद्राकर के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 14/06/2024 Book No- 1 Volume No. 77291 Pages 120 To 148 With Document No. CG-2024-25-106-1-1735 को आवेदक के नाम पर विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भुईया मद से दर्ज कर इस न्यायालय मे प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 10.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 04.09.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 106/CE/NH/TC/44-82/2025 (1 Call) | 2025_MoRTH_875957_1 | Short Term Maintenance works and activities (STMC) on section from Km 363.000 to 373.500, Km 375.600 to Km 385.700, Km 433.850 to Km 437.670, KM 465.000 to 468.500, Km 481.800 to km 482.500 (Ludeg), km 501.945 to km 502.590 (Kansabel), km 526.113 to km 530.090 (Kunkuri) of Katni-Gumla Road N.H-43 & Km 215.800 to km 216.700 of Simga-Bilaspur-Katghora-Ambikapur Road NH-130 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 855.32 Lakhs |
| 2 | 107/CE/NH/TC/44-83/2025 (1 Call) | 2025_MoRTH_875958_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh-Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km. 3.800 to Km27.900 & Km 30.00 To 54.840 (48.94 km) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 644.95 Lakhs |
| 3 | 108/CE/NH/TC/44-17/2024 (3rd Call) | 2025_MoRTH_875959_1 | Short term maintenance of Takhatpur Ex. Road from Km. 26.542 to Km. 32.093, Mungeli Ex. Road from Km. 45.786 to Km. 56.275, Pandariya Ex. Road from Km. 82.582 to Km. 87.133 and Pondi Ex. Road from Km. 103.166 to Km. 104.756 22.181 Km. on N.H.-130A in the state of Chhattisgarh. | Rs. 226.87 Lakhs |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सरल क्र. (1) एवं (2) हेतु दिनांक 24.09.2025 शाम 17.30 बजे तक एवं सरल क्र. (3) हेतु दिनांक 18.09.2025 शाम 17.30 बजे तक है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)
G-252603285/9

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3) शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 24115/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 08/09/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 24115
वार्ड का नाम- 30- शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328B00027 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती H.S. Malaviya पिता/पति श्री/श्रीमती Bihari Lal Malaviya के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री अनूप कुमार वर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता लक्ष्मी नारायण वर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3) शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 24118/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 08/09/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 24118
वार्ड का नाम- 30- शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR332A0142B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DR. KISHOR KUMAR BHOJWANI पिता/पति श्री/श्रीमती MITERO MAL BHOJWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री राजीव अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. बिमल कुमार अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3) शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 24119/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 08/09/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 24119
वार्ड का नाम- 31- नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR229B00001 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MRS. SHAKUNTALA DEVI KHAITAN पिता/पति श्री/श्रीमती MR. GANESH KHAITAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती कंचन खेतान पिता/पति श्री/श्रीमती पति कैलाश कुमार खेतान ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक...... ब/121
ग्राम - भिलाई

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक, भेरवलाल निर्मलकर पिता श्री दुकलहाराम ग्राम भिलाई तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माता श्यामा बाई के मृत्यु दिनांक 15.03.2013 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 15.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक...... ब/121
ग्राम -कुम्हारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक, प्रेमलाल साहू पिता श्री विष्णु राम ग्राम कुम्हारी तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र जागेश्वर प्रसाद के जन्म दिनांक 01.08.2006 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 17.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक...... ब/121
ग्राम -भिलाई

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक, इंद्राणी चन्द्राकर पिता श्री स्व. सुरेश चन्द्राकर ग्राम भिलाई तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र डेनिश चन्द्राकर के जन्म दिनांक 25.09.2008 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 18.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

# खरोरा नगर में धूम धाम से निकाली गयी झांकी, विधायक अनुज हुए शामिल

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** गणेशोत्सव पर हर साल धरसींवा विधानसभा के नगर पंचायत खरोरा में नागरिक भगवान गणेश की सुंदर झांकियों का इंतजार करते हैं। खरोरा में इसकी भव्य परंपरा है। पूरा नगर रात भर जगकर गणेश की झांकियों के रूप में सुंदर लीलाओं का आनंद लेते हैं। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा शामिल हो कर गणेश झांकी का आनंद लिया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, डीजे, बैंड-बाजों और रंग-बिरंगी रोशनी के साथ झूमते-गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। भक्ति गीतों और झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्द आ के जयघोषों से पूरा खरोरा नगर गूंज उठा। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। विधायक अनुज ने सभी समिति के सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप लोगों ने बहुत सुंदर झांकी तैयार की है।





यह केवल एक झांकी नहीं हमारे नगर का त्योहार हैं आने वाले समय में हम सभी मिल कर इस झांकी के आयोजन को और भी विशाल बनाएंगे7 आप सभी के सहयोग से बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से यह आयोजन सफल हो रहा हैं यही हमारे नगर की एकता का पहचान हैं7 उन्होंने विघ्नहर्ता भगवान गणेश से इस अवसर पर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस : शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय ने चलाया जागरूकता अभियान




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, रायपुर द्वारा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी और संवाद के माध्यम से आमजन को फिजियोथेरेपी के महत्व से अवगत कराया।

इस दौरान ऑर्थो/मस्कुलोस्केलेटल, न्यूरो, कार्डियो-पल्मोनरी, रीहैबिलिटेशन, बाल एवं महिला स्वास्थ्य संबंधी फिजियोथेरेपी के साथ ही खेलों से जुड़ी फिजियोथेरेपी की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल ऑक्सीज़ोन में आयोजित जागरूकता रैली से हुई, जिसमें फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के लिए फिजियोथेरेपी की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस पहल की वरिष्ठ नागरिकों ने सराहना की।

इसके बाद डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के स्त्री रोग विभाग में छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से पीसीओडी, गर्भावस्था, प्रसूति पश्चात, गर्भाशय प्रोलैप्स और सर्वाइकल कैंसर उपचार के पश्चात महिलाओं के लिए उपयोगी फिजियोथेरेपी व्यायामों का प्रदर्शन किया।

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर फिजियोथेरेपी महाविद्यालय द्वारा यह संदेश दिया गया कि मांसपेशियों की मजबूती, लचीलापन और दीर्घकालीन स्वास्थ्य लाभ के लिए फिजियोथेरेपी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे आवश्यकता पड़ने पर योग्य फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

# गणेश विसर्जन झांकी स्वागत सादर आमंत्रण



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** रायपुर स्वागत एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा अपने 40 वर्ष के परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी आज 8 सितंबर 2025 दिन - सोमवार रात्रि - 9 00 बजे स्थान - कोतवाली चौक सदर बाजार रायपुर में मंच से भगवान गणेश विसर्जन झांकियो का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पूर्व मंत्री एवं विधायक पश्चिम राजेश मूणत विधायक दक्षिण सुनील सोनी विधायक उत्तर पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश सिंह ठाकुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे सभापति सूर्यकांत राठौर वरिष्ठ नेतागण, वरिष्ठपदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जोन अध्यक्षगण , पार्षदगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे ।

आपसे सादर आग्रह है कि कार्यक्रम में पधारकर अपनी भी सहभागिता निभाएं एवं हमें स्वागत एवं सम्मान का अवसर प्रदान करे ।

# छग एक्सप्रेस के ठहराव के लिए रेल प्रबंधक का तिलक लगाकर अभिनंदन किया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा दाधापारा से रायपुर के मध्य निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जब वह हथबंद स्टेशन पर उतरे तो दैनिक यात्रियों ने छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के ठहराव के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। दैनिक यात्रियों ने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया एवं छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का हथबंद स्टेशन पर ठहराव होने से दैनिक यात्रियों ने बताया कि दैनिक जीवन में परिवार को अधिक समय देने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली लगभग 52 ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के बिल्हा रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर नागपुर इंटरसिटी, सारनाथ, शालीमार एवं शिवनाथ एक्सप्रेस को ठहराव दिया गया है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का ठहराव हथबंद में दिया गया है, एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव देवबलोदा चरौदा में दिया गया है।

दिनांक 1 सितंबर 2025 को पहली बार हथबंद रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रुकने पर दैनिक यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भव्य स्वागत किया था स्थानीय नागरिकों ने उक्त स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव से नौकरीपेशा लोगों को, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए रायपुर शहर आने वाले युवाओं को, व्यापार के सिलसिले में आने जाने वाले लोगों के लिए बहुत अच्छा हो गया हैं ।

# जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** जगदलपुर के सबसे प्राचीन विद्यालय जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल), जहाँ मैंने स्वयं अध्ययन किया है, इस वर्ष अपनी 100वीं वर्षगांठ पूर्ण करने जा रहा है।

विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक में आगामी शताब्दी वर्ष समारोह एवं विद्यालय के समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी , प्राचार्य बी.एस. रामकुमार , समिति के सदस्यगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष अमर गिदवानी ने अपने घर के श्रीगणेश की मूर्ति का अमलेश्वर में किया श्रद्धापूर्ण विसर्जन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** दस दिवसीय श्रीगणेश उत्सव के अंतिम दिन रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्रअमर गिदवानी ने अपने घर पर रखे श्रीगणेश की मूर्ति का अपने परिजनों सहित पूजा, अर्चना, आरती करके विसर्जन किया और अगले वर्ष जल्दी आने की विनम्र प्रार्थना गणपति बप्पा से की. एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने अमलेश्वर में खारून नदी के समीप श्रीगणेश की मूर्ति का श्रद्धापूर्ण विसर्जन किया.



# पोषण माह एवं फिजियोथेरेपी सप्ताह के अवसर में विभिन्न शिक्षा केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** आहार विशेषज्ञ डॉ सारिका श्रीवास्तव एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ नेहा अग्रवाल द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।

इस कड़ी में सर्वप्रथम सद्दू स्थित सरकारी प्राथमिक शाला में बच्चों को जागरूक करने हेतु शिविर का आयोजन किया इस शिविर में बच्चों को डॉ नेहा ने पोस्चर सुधारने हेतु व्यायाम सिखाए एवं डॉ सारिका ने खेल के माध्यम से पोषण का महत्व सिखाया विद्यार्थियों को पोषक खाद्य पदार्थ जैसे मूंगफली गुड चना के पैकेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की सफलता में कुरैशी मैडम का योगदान रहा ,कार्यक्रम में 200 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया।



अगले दिन जन जागृति विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,इस कार्यक्रम में विद्यालय के 500 बच्चों ने हिस्सा लिया ,डॉ नेहा ने बच्चों को पढ़ाई के समय होने वाली शारीरिक थकान से बचने हेतु उचित पोस्चर से संबंधित व्यायाम सिखाए डॉ सारिका ने विद्यार्थियों को पोषण का महत्व बताते हुए क्विज के माध्यम से पोषण एवं आहार में रुचि जगाई कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्य लक्ष्मी मैडम एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। इस कड़ी में दिव्यांग बच्चों के प्रसिद्ध संस्था कोपल वाणी में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया , वहां के बच्चों को खेल के माध्यम से उचित आहार एवं पोषण की जानकारी दी गई

## भाटापारा स्टेशन में चालक दल कर्मी व ट्रेन मैनेजर संयुक्त लॉबी के भवन का लोकार्पण दयानंद के कर कमलों द्वारा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के भाटापारा स्टेशन में चालक दल कर्मी व ट्रेन मैनेजर संयुक्त लॉबी के नवीनीकृत भवन का लोकार्पण मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ ।आज दिनांक 08-09-2025 को द.पू. मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के भाटापारा स्टेशन में चालक दल कर्मी व ट्रेन मैनेजर संयुक्त लॉबी के नवीनीकृत भवन का लोकार्पण दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक /द. पू. म. रेलवे, रायपुर मंडल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ । इस गरिमामयी समारोह में अनुराग तिवारी, वरि. मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) / द.पू.म. रेलवे, रायपुर मंडल एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे ।

इस सर्वसुविधा युक्त संयुक्त चालक दल व ट्रेन मैनेजर संयुक्त लॉबी से भाटापारा स्टेशन में पदस्थ चालक दल व ट्रेन मैनेजर की ट्रेन परिचालन हेतु बुकिंग किया जायेगा, जो की अभी तक पुरानें स्टेशन भवन में अस्थाई रूप से संचालित किया जा रहा था ।

इस अवसर पर विद्युत परिचालन विभाग द्वारा प्रकाशित ग्रेडिएंट व सिगनल यार्ड लेआउट पुस्तिका एवं विभाग द्वारा विकसित वेब साईट सारथी का लोकेशन पुस्तिका विमोचन भी मंडल रेल प्रबंधक / द. पू. म. रेलवे, रायपुर मंडल के कर कमलों द्वारा किया गया ।

ग्रेडिएंट व सिगनल लोकेशन पुस्तिका में रायपुर मंडल के चालक दल जिन भी स्टेशनों तक ट्रेन का संचालन करतें है, वहाँ तक कि सम्पूर्ण जानकारी जैसे - सिगनलों का लोकेशन, पुरे सेक्शन का ग्रेडिएंट (उतार-चढ़ाव) व कर्वेचर, उपलब्ध कराई गई है । यार्ड लेआउट पुस्तिका जो की कैलेंडर साइज़ में बड़ा आकार में छापा गया है, रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों/यार्डों के मानचित्र को चालक दल के लिए आवश्यक सभी जानकारियों के साथ छापा गया है । इन पुस्तिकाओं में उपलब्ध जानकारियों का उपयोग रायपुर मंडल के लगभग 3000 चालक दल कर्मी अपने दैनिक ड्यूटी के दौरान, ट्रेन के संचालन को और अधिक सुरक्षा के साथ और आत्मविश्वाश के साथ कर सके, जिसका सीधा लाभ रायपुर मंडल में परिचालित लगभग 550 यात्री एवं मॉल वाहक गाड़ीयों के संचालनमें मिलेगा ट्रेन संचालन कर सकेंगें । अतः उन्हें इस प्रकार की आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करा कर ही रेलवे अपने लक्ष्य सुगम व सुरक्षित रेल यात्रा और मॉल ढुलाई को प्राप्त कर सकता है रायपुर मंडल के विद्युत परिचालन विभाग ने आज एक नए सोपान का आगाज करते हुए, अपने चालक दल कर्मियों को सदैव अपडेटेड रखने के लिए एक वेब साईट सारथी का लांच किया, जिसमे चालक दल से सम्बंधित सभी जानकारियां एक ही क्लीक में एक ही जगह उपलब्ध हो जायेगा जो कि किसी भी मोबाइल या कंप्यूटर में कभी भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा । जिससे चालक दल कर्मियों को दिन प्रति दिन जारी किए जाने वाली उपयोगी सुरक्षा व तकनिकी परिपत्र एक जगह एकत्रित होते रहेंगे और जब भी उन्हें आवश्यकता होगी, इनका उपयोंग वे बहुत ही आसान तरीके से कर सकेंगे । इस वेब साईट को से खोला जा सकता है । इसके लिए एक त्क्र कोड भी जारी किया गया जो सभी क्रू लॉबी में लगा रहेगा जिसे चालक दल अपने मोबाइल पर स्कैन कर इस इस वेब साईट को खोला सकते है ।



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन

# राज्य विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका- मनोज वर्मा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** डॉ राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम के पार्षद एवं एमआईसी मेंबर मनोज वर्मा जी थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार जोशी ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का जितना गौरवशाली इतिहास है उतना ही वर्तमान भी है,छत्तीसगढ़ सभी क्षेत्रों में अग्रणी विकास कर रहा है। जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के सभागार के उपयोग हेतु दो बड़े कुलर प्रदान किए।वरिष्ठ प्राध्यापक विनोद कुमार जोशी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मुख्य अतिथि के द्वारा समय-समय पर महाविद्यालय को सहयोग मिलता रहा।हम सब के लिए गर्व और खुशी की बात है कि आज हम राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं।इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास के अनेक सोपान गढ़े हैं।इसी कड़ी में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति द्वारा भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया,जिसका विषय था - जिसमें क्रमशः रुमा मरकाम एमएससी तृतीय सेमेस्टर प्रथम, मनीषा साहू बीए तृतीय सेमेस्टर द्वितीय एवं सिया साहू एमएससी तृतीय सेमेस्टर जीव विज्ञान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जिसके निर्णायक श्रीमती चंद्रकांती वर्मा,डॉ श्वेता बोहरा एवं डॉ भूपेंद्र कुमार साहू थे।राज्य गठन के 25 वर्षों की उपलब्धि पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किया गया।जिसमें क्रमशः हेमा साहू एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र प्रथम,अपर्णा पाण्डे एमएससी तृतीय सेमेस्टर भौतिक शास्त्र द्वितीय तथा श्वेता टंडन एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र ने तृतीय स्थान चर्चा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ नीधि गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सीमा रानी प्रधान ने किया।



## सम्पादकीय

### सुनवाई से अलग होना

हाल के दिनों में देश की विभिन्न अदालतों में न्यायिक सुनवाई से अलग होने की घटनाओं में लगातार वृद्धि असहज करने वाली ही है। हालांकि, निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये सुनवाई से अलग होना एक स्थापित सुरक्षा उपाय है, लेकिन जिस तरह इसका इस्तेमाल और संप्रेषण किया जाता है, उसने कई चिंताजनक प्रश्न तो खड़े किए ही जा सकते हैं। देश के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण यानी एनसीएलएटी के एक प्रकरण, जहां एक सदस्य ने खुलासा किया कि वह एक मामले से खुद को अलग कर रहा है क्योंकि एक उच्च न्यायिक व्यक्ति ने उसे एक पक्ष का पक्ष लेने के लिये संपर्क किया था, ने इस प्रक्रिया में विश्वास को ठेस पहुंचायी है। हाल ही में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश एमएम सुंदरेश ने बिना कोई कारण बताए दलित-अधिकार वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इससे पहले भी, कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव ने संस्था से संबंधों का हवाला देते हुए एनएलएसआईयू ट्रांसजेंडर आरक्षण अपील से खुद को अलग कर लिया था। यहां तक कि मुख्य न्यायाधीशों- संजीव खन्ना ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले में और बी.आर.गवई ने एक आंतरिक न्यायिक जांच मामले में खुद को अलग कर लिया था। निस्संदेह, इस तरह की असंगतता पारदर्शिता के बारे में मिले-जुले संकेत देती है। जो जनमानस में इस बाबत नये विमर्श को जन्म देता है। इसमें दो राय नहीं कि इस संबंध में कानून में स्पष्टता की दरकार है। सुनवाई से अलग होने के लिये कोई संहिताबद्ध ढांचा नहीं है।

यहां उल्लेखनीय है कि मई 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने एक समान नियम बनाने की याचिका को यह कह कर खारिज कर दिया था कि सुनवाई से अलग होना व्यक्तिगत विवेक का मामला है। ऐसे मामलों में न्यायिक स्वतंत्रता ऐसी स्वायत्तता की मांग करती है, वहीं अस्पष्टता जनता के विश्वास को कमजोर करती है। निस्संदेह, जनसाधारण की न्यायिक व्यवस्था में आस्था मजबूत करने के लिये न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए भी दिखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में, सुनवाई से अलग होने के मामले केवल न्यायिक मूल्यों के पुनर्कथन और न्यायिक आचरण के बैंगलौर सिद्धांतों जैसी नरम-कानून संहिताओं द्वारा निर्देशित होते हैं। वास्तव में वे कारणों का खुलासा करने का कोई बाध्यकारी दायित्व तय नहीं करते। इसका परिमाण ही असमान व्यवहार है। इस बाबत कुछ न्यायाधीश तो स्पष्टीकरण देते हैं, जबकि कई अन्य ऐसे मामलों में खामोशी धारण कर लेते हैं।

# मुख्यमंत्री साय की जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा

## छत्तीसगढ़ के विकास की मजबूत होगी नींव

राजकुमार धर द्विवेदी



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में जापान और दक्षिण कोरिया की ऐतिहासिक यात्रा की, जिसने राज्य के विकास के लिए एक नई दिशा तय की है। 21 से 30 अगस्त तक चली इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में विदेशी निवेश को आकर्षित करना, तकनीकी सहयोग बढ़ाना और वैश्विक मंच पर प्रदेश की छवि को मजबूत करना था। यह यात्रा न केवल तात्कालिक लाभ प्रदान करेगी, बल्कि भविष्य में प्रदेश की औद्योगिक, तकनीकी और आर्थिक प्रगति के लिए भी एक मजबूत नींव रखेगी।

### यात्रा का मुख्य उद्देश्य और रणनीति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा का केंद्रीय लक्ष्य छत्तीसगढ़ को एक निवेश-अनुकूल गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। उन्होंने दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों, निवेशकों और सरकारी अधिकारियों से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के विकास की संभावनाओं को उजागर किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रदेश में मौजूद खनिज संसाधनों, कुशल मानव संसाधन और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत किए गए सुधारों के बारे में विस्तार से बताया।

### जापान में निवेश के अवसर

यात्रा की शुरुआत जापान की राजधानी टोक्यो से हुई, जहां मुख्यमंत्री ने असाकुरा मंदिर में गणपति के दर्शन कर शुभ संकल्प लिया। टोक्यो में उन्होंने जापान के निर्यात संगठन जेट्रो और भारतीय उद्यमियों से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के बारे में जानकारी दी। ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो में छत्तीसगढ़ ने एक विशेष पवेलियन स्थापित किया, जिसने सबका ध्यान आकर्षित किया। यह पवेलियन प्रतिदिन 30,000 से अधिक लोगों को आकर्षित करने में सफल रहा। छत्तीसगढ़ एकमात्र भारतीय राज्य था, जिसने अपनी जानकारी जापानी भाषा में प्रस्तुत की, जिससे स्थानीय लोगों के साथ सीधा जुड़ाव बन पाया। पवेलियन में राज्य की औद्योगिक नीति के अलावा बौद्ध धर्म से जुड़े सिरपुर और हस्तशिल्प जैसे ढोकरा और कोसा का भी प्रदर्शन किया गया। इस यात्रा के दौरान खाद्य प्रसंस्करण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में छह कंपनियों से निवेश के प्रस्ताव मिले, जिनसे हजारों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। टोक्यो में जापान-इंडिया बिजनेस फोरम में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री ने जापानी कंपनियों को ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### दक्षिण कोरिया में तकनीकी साझेदारी

जापान के बाद मुख्यमंत्री साय ने दक्षिण कोरिया का दौरा किया, जहां उन्होंने सियोल में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), सेमीकंडक्टर और स्टील उद्योग में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। दक्षिण कोरिया की कंपनियों ने छत्तीसगढ़ में स्टील उत्पादन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम आईसीसीके के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना था। यह संस्था छत्तीसगढ़ के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में काम करेगी और नई औद्योगिक नीति के तहत उद्योगों के लिए नई तकनीक और कुशल मानव संसाधन तैयार करने में मदद करेगी।



### विदेश यात्रा से होने वाले लाभ

#### विदेशी निवेश में वृद्धि

जापान और दक्षिण कोरिया से विदेशी निवेश बढ़ने की प्रबल संभावना है, जिससे छत्तीसगढ़ एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेगा। खासकर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

#### तकनीकी सहयोग

दोनों देशों के साथ तकनीकी सहयोग से कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और आईटी जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग संभव होगा, जिससे उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार होगा।

#### रोजगार के अवसर

नए कारखानों, टेक्नोलॉजी पार्कों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

#### वैश्विक छवि का निर्माण

इस यात्रा ने वैश्विक मंच पर छत्तीसगढ़ की छवि को मजबूत किया है, जिससे यह एक सुरक्षित और आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है।

#### प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण का प्रभाव

विदेश से लौटने के बाद मुख्यमंत्री साय ने अपनी यात्रा को बेहद सफल बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेश में भारतीयों का मान और सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की पिछली जापान यात्रा के दौरान यह तय हुआ था कि जापान भारत में 6 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जिसका एक बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा। यह यात्रा दर्शाती है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का लक्ष्य सिर्फ छत्तीसगढ़ को एक बेहतर राज्य बनाना नहीं, बल्कि इसे वैश्विक मानचित्र पर एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करना है।

# शिक्षा में भी बढ़े स्वदेशी का भाव, शिक्षा में क्रांतिकारी सुधार जरूरी

प्रेमपाल शर्मा।

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठजन देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह कर रहे हैं। इसके लिए जीएसटी में सुधार और कुछ नीतियों में बदलाव किए गए हैं, ताकि भारतीय नागरिक अपने देश की वस्तुओं को प्राथमिकता दें, लेकिन इस 'स्वदेशी राग' में शिक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी का महत्व, जैसे कि मेडिकल, इंजीनियरिंग या अन्य विषयों की पढ़ाई के लिए अपने देश के विश्वविद्यालयों को ही चुनने की बात कहीं नहीं उठाई जा रही है। यह सच है कि आजादी के बाद भी बच्चे विदेश पढ़ने जाते थे, लेकिन तब हमारे पास विश्वविद्यालयों की संख्या इतनी नहीं थी। वर्तमान में जब हमारे पास लगभग 1000 विश्वविद्यालय और हजारों निजी एवं सरकारी कालेज हैं, तब विदेश पढ़ने जाने के कारण क्या हैं? इसका एक बड़ा कारण यह है कि आज अधिकांश राजनेता, नौकरशाह और विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, जो थोड़े बहुत अमीर हैं, उन्होंने अपने बच्चों को विदेश भेजने का आसान विकल्प चुन लिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों में विदेश में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो गई है।

एक ओर देश में युवा मेडिकल की पढ़ाई के लिए भटक रहे हैं, दूसरी ओर लाखों गांव-कस्बे अच्छे डाक्टरों की तलाश में हैं। भारतीय छात्र लगभग 90 से अधिक देशों में डाक्टरी की पढ़ाई कर रहे हैं। इस बीच आइआइटी की संख्या बढ़कर 23 हो गई है, लेकिन सरकारी



**एक अनुमान के अनुसार, लगभग 15 लाख छात्र विदेश में पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें सबसे अधिक अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में हैं। भारतीय छात्रों की विदेश में पढ़ाई की चाहत को देखते हुए यूरोप, सिंगापुर और अन्य देशों ने भी विभिन्न प्रलोभन नीतियां अपनाई हैं।**

आंकड़े बताते हैं कि इनमें लगभग 50 प्रतिशत फैकल्टी की सीटें खाली हैं और शिक्षकों की कमी के कारण ये संस्थान अस्थायी शिक्षकों पर निर्भर हैं। इसके चलते शिक्षा, पाठ्यक्रम और शोध में गिरावट आई है, जिससे मेधावी छात्र विदेश जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन सभी देशों ने वीजा और विश्वविद्यालय की फीस भी लगभग दोगुनी कर दी है। प्रति विद्यार्थी एक से दो करोड़ रुपये से कम खर्च नहीं आता। क्या विदेश में पढ़ाई करना इतना आसान है? जिस देश की 80 प्रतिशत जनता को राशन के गेहूं-चावल पर गुजारा करना पड़ता हो, क्या उनके लिए विदेश जाना संभव है? हां, उन नौकरशाहों और उच्च पदों पर रहने वालों के लिए, जिनकी अच्छी खासी तनख्वाह होती है, यह संभव है। वे अपने बच्चों को विदेश में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जबकि देश के शिक्षा संस्थानों में सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाते। हाल के समय में दिल्ली विश्वविद्यालय भी गिरावट की चपेट में आ गया है। इस केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पिछले पांच वर्षों से कामन टेस्ट शुरू किया गया है, और नई शिक्षा नीति को भी लागू हुए पांच साल हो गए हैं, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आ रहे हैं। यह आवश्यक है कि कोई उच्च स्तरीय समिति तुरंत इसका पुनरावलोकन करे। शिक्षकों की भर्ती के लिए भी यूपीएससी जैसा कोई भर्ती बोर्ड बनाया जाए। जहां छात्रों के दाखिले के लिए कई स्तर की परीक्षाएं होती हैं, वहीं शिक्षक-प्रोफेसर की भर्ती और पदोन्नति के लिए कोई ठोस प्रक्रिया नहीं है। जब भी शिक्षकों और शिक्षा-शोध की बेहतरी के प्रयास किए जाते हैं, तो सबसे अधिक विरोध शिक्षकों की कुछ जमातें करती हैं, जो न तो कक्षाएं लेना चाहती हैं, न बच्चों की फीडबैक पर भरोसा करती हैं और न ही प्राचार्य के वार्षिक मूल्यांकन पर। इन्हीं सब कारणों से हमारे विश्वविद्यालय दुनिया की रैंकिंग में गिरते जा रहे हैं। पिछले वर्षों में इन्हीं चुनौतियों से जूझते-हारते बच्चे आत्महत्या की ओर बढ़ रहे हैं। आइआइटी, आइआइएम जैसे संस्थानों में आत्महत्या की घटनाएं दिल दहला देती हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंच गया है।

# औपनिवेशिक प्रपंच की निरंतरता, भारत को भीतरी गद्दारों से रहना होगा सावधान

बलबीर पुंज।

भारत को विभाजित करने की औपनिवेशिक टूलकिट आज भी कई रूपों में सक्रिय है। इसकी झलक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया विषवमन में मिलती है। यूक्रेन-रूस सैन्य संघर्ष को 'मोदी का युद्ध' बताने वाले नवारो ने भारत द्वारा सस्ती दरों पर रूस से की जा रही तेल खरीद पर कहा कि इससे ब्राह्मणों को ही लाभ मिल रहा है। यह कोई आकस्मिक प्रतिक्रिया या अमेरिकी संदर्भ में दिया वक्तव्य नहीं है। यह उसी विषबेल की ही कोपल है, जिसकी जड़ें देश के भीतर पहले से ही रोपी जा चुकी हैं, जहां एक राजनीतिक समूह विकृत नैरेटिव गढ़कर दलितों-वंचितों को शेष हिंदू समाज के विरुद्ध खड़ा करने और मुसलमानों को मजहब के नाम पर एकजुट रखने का प्रपंच दशकों से रच रहा है। सच तो यह है कि भारत को कई टुकड़ों में विभाजित करने की विकृत आकांक्षा विदेशी शक्तियों की चिरस्थायी कुंठा रही है। उनके निशाने पर केवल ब्राह्मण नहीं, अपितु संपूर्ण हिंदू समाज है। जेवियर ने 31 दिसंबर 1543 को 'टू द सोसायटी एट रोम' को पत्र लिखकर कहा, यदि ब्राह्मण विरोध न करें, तो हम यहां सबको मसीह के चरणों में ले आएं... इतने वर्षों में मैंने केवल एक ब्राह्मण का ही मतांतरण किया है। इसके बाद जेवियर ने 'गोवा इंक्विजीशन' का रक्तरंजित अभियान चलाया। इसमें केवल हिंदू ही नहीं, बल्कि वे सीरियाई ईसाई भी शिकार बने, जो कैथोलिक रोमन चर्च के बजाय अपनी प्राचीन उपासना-पद्धति का पालन कर रहे थे। चर्च की दृष्टि में यह इतना बड़ा 'अपराध' था कि ऐसे लोगों की



**ब्राह्मणों का दानवीकरण कोई संयोग नहीं, बल्कि सुनियोजित षड्यंत्र है। ब्राह्मणों के प्रति घृणा की जड़ें हमें सीधे 16वीं शताब्दी और उसके उपरांत गढ़े गए कुटिल प्रपंचों में दिखाई देती हैं। जब 16वीं शताब्दी में भारत के दक्षिणी हिस्से में जेसुइट मिशनरी फ्रांसिस जेवियर का आगमन हुआ, तब उसने ब्राह्मणों को ईसाई मतांतरण के मार्ग का सबसे बड़ा अवरोधक माना।**

जीभ काट दी गई, तो जीवित रहते उनकी चमड़ी तक उधेड़ ली गई। जेवियर के बाद 17वीं शताब्दी में राबर्ट डी नोबिली नामक अन्य जेसुइट मिशनरी भारत आया। ब्राह्मणों की जनसम्मानित प्रतिष्ठा देखकर उन्होंने साधु-संन्यासी का वेश धारण किया और स्वयं को 'व्हाइट ब्राह्मण' बताने लगा। मतांतरण की इस युक्ति को लेकर रोम में काफी विवाद भी हुआ। जब वर्ष 1757 में राबर्ट क्लाइव ने प्लासी युद्ध में निर्णायक जीत के साथ भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव रखी, तब कालांतर में इस मजहबी षड्यंत्र को गति मिली। 1813 में ईस्ट इंडिया कंपनी के चार्टर में अंग्रेजों ने विवादास्पद अनुच्छेद जोड़कर न केवल अपने पादरियों और मिशनरियों के लिए भारतीयों के मतांतरण का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि उन्हें हर प्रकार के आधिकारिक सहयोग का भी आश्वासन दिया। उस समय गवर्नर-जनरल रहे लार्ड मिंटो ने अपने एक ज्ञापन में कुछ मिशनरियों की प्रचार सामग्री पर टिप्पणी की थी, 'इस ग्रंथ का अधिकांश भाग वस्तुतः ब्राह्मणों के सामूहिक संहार को लक्षित करता दिखता है।' इस प्रकार चर्च-मिशनरी ने अंग्रेजों के साथ गठजोड़ कर निहित स्वार्थ साधने हेतु ब्राह्मणों को कलंकित करने की विधिवत पटकथा लिखनी प्रारंभ की। इस उपक्रम में पहले मद्रास (चेन्नई) के ब्राह्मणों और अन्य सवर्ण-शिक्षित हिंदू वर्ग के मतांतरण का प्रयास किया गया, किंतु इसमें पूर्णतः असफल रहे। तब ब्रिटिश इतिहासकार और नेता थामस बैबिंगटन मैकाले ने अपनी कुख्यात 'मिनट आन इंडियन एजुकेशन' के माध्यम से भारतीय शिक्षा पद्धति को विकृत करने का अभियान चलाया। मैकाले का मूल उद्देश्य अक्टूबर, 1836 में अपने पिता को लिखे पत्र से उजागर होता है, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि यदि हमारी शिक्षा नीति सफल हो जाती है, तो 30 वर्षों के भीतर बंगाल के उच्च घरानों में एक भी मूर्तिपूजक नहीं बचेगा।' इसी विषाक्त गठजोड़ की कोख से अन्य औपनिवेशिक विकृतियों के साथ 1916 में ब्राह्मण-विरोधी 'जस्टिस पार्टी' का जन्म हुआ, जो आगे चलकर अलगाववादी 'द्रविड़ आंदोलन' के रूप में अवतरित हुई। इसके अंतर्गत हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों का अपमान करते हुए जुलूस भी निकाले जाने लगे। इसी नफरत की प्रतिध्वनि स्वतंत्र भारत में दशकों से सुनाई दे रही है। हालिया वर्षों में द्रमुक नेताओं द्वारा 'सनातन धर्म' को मिटाने का आह्वान इसका ज्वलंत उदाहरण है।

## बॉलीवुड समाचार

### दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने सलमान को कहा गुंडा

#### बोले- बात नहीं मानी तो पीछे पड़ते हैं, बदतमीज हैं गंदे इंसान हैं; दबंग-2 से निकाले गए थे



सलमान खान के साथ दबंग और रणबीर कपूर के साथ बेशरम जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके अभिनव कश्यप ने हाल ही में सलमान खान को गुंडा कहा है। अभिनव ने सलमान ही नहीं बल्कि उनके परिवार के लिए भी कई तरह की बातें की हैं। हाल ही में द स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने कहा, सलमान कभी भी शामिल नहीं होता। उसे एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है, और पिछले 25 सालों से नहीं है। वह सिर्फ एहसान करता है काम पर आकर। उसे एक्टिंग से ज्यादा सेलिब्रिटी होने की ताकत पसंद है, लेकिन उसे एक्टिंग में दिलचस्पी नहीं है। वह एक गुंडा है। मुझे यह बात दबंग से पहले नहीं पता थी। सलमान बदतमीज है, गंदा इंसान है। वे बदले की भावना रखने वाले लोग हैं। वे पूरे सिस्टम को कंट्रोल करते हैं। अगर आप उनसे सहमत नहीं होते, तो वे आपके पीछे पड़ जाते हैं। बातचीत में अभिनव ने ये भी कहा कि उनके भाई अनुराग कश्यप ने साल 2003 में सलमान खान की फिल्म तेरे नाम में काम किया था। इसके बाद जब उन्होंने सलमान की फिल्म दबंग साइन की तो अनुराग कश्यप ने उन्हें वॉर्निंग दी थी। बताते चलें कि इससे पहले सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद भी अभिनव कश्यप ने सलमान और उनके परिवार को अपना करियर बर्बाद होने का जिम्मेदार ठहराया था। अभिनव का कहना था कि उन्हें दबंग 2 से बाहर करने में अरबाज, सोहेल और खान परिवार की मिलीभगत थी। वे उन्हें धमका कर उनके करियर को नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहे थे। अरबाज खान ने श्री अष्टविनायक फिल्म्स के साथ अभिनव के प्रोजेक्ट्स रुकवा दिए।

# मेरा फिल्मी कपूर परिवार से कोई लेना-देना नहीं

# मैं दिल्ली से हिचकिचाते हुए अकेली मुंबई आई थी : वाणी

वाणी कपूर ने करियर की शुरुआत से अब तक हमेशा अपने किरदारों में विविधता और चुनौती को प्राथमिकता दी है। 'चंडीगढ़ करे आशिकी' में ट्रांसवुमन का किरदार हो या 'शुद्ध देसी रोमांस' की आजाद लड़की, वाणी ने कभी आसान राह नहीं चुनी। इस बार उन्होंने ओटीटी डेब्यू में एक यंग लेकिन मजबूत इमोशनल ग्राउंड वाली पुलिस अफसर रिया थॉमस का किरदार निभाया है। इस बातचीत में वाणी बताती हैं कि कैसे कैमरे के सामने वो फीलिंग्स भी असली हो गईं, जो सिर्फ स्क्रिप्ट में लिखी थीं। कैसे 'कपूर' सरनेम के साथ नेपोटिज़्म के आरोपों से लड़ते हुए उन्होंने खुद को साबित किया और क्यों उन्होंने कभी पैसा या फेम नहीं बल्कि सिर्फ सही काम को चुना। यह बातचीत वाणी के भीतर के यकीन, असुरक्षाओं और धैर्य का आइना है।

### रिपिटेशन से बचना चाहती थी

वाणी कपूर ने कहा, इससे पहले कभी किसी वेब सीरीज में काम नहीं किया था। यह ऑफर जब आया तो मन में पहली बात यही आई कि अब ओटीटी पर आ रही हूं तो कुछ बिल्कुल अलग और नया करना चाहिए। हर बार खुद से यही उम्मीद करती हूं कि कुछ नया लेकर आ सकूं, अपने लिए और दर्शकों के लिए भी। रिपिटेशन से बचना चाहती हूं। मेरी हर फिल्म में कुछ नया करने की कोशिश रही है। फिर चाहे रेड 2 में हाउसवाइफ का किरदार हो, चंडीगढ़ करे आशिकी में एक ट्रांसवुमन का या शुद्ध देसी रोमांस में जयपुर की एक आजाद ख्याल लड़की का।

### लगा ऐक्टिंग नहीं, उसे महसूस कर रही हूं

गोपी सर एक शानदार निर्देशक हैं। उन्होंने जब मुझे बताया कि यह एक फिक्शनल वर्ल्ड है लेकिन इसके किरदार और उनके इमोशंस बेहद रियल लगेंगे तो मैं काफी एक्साइटेड हो गई। ये एक पेंचीदा कहानी है, जिसमें मर्डर होते हैं और हर मर्डर के बाद एक खास निशान छोड़ा जाता है। रिया थॉमस का किरदार मुझे खास इसलिए भी लगा क्योंकि हमने अब तक जितनी महिला पुलिस अफसरों को देखा है, उससे यह काफी अलग है। यह एक यंग ऑफिसर है, ब्राइट है, शार्प है लेकिन अपनी निजी जिंदगी की उलझनों से भी जूझ रही है। अपने काम और खुद के बीच संतुलन बनाना इसके लिए आसान नहीं है। सीरीज में कुछ ऐसे सीन थे, जहां इमोशनल इनसिक्योरिटी का भाव उभरता है। मैं जब वो सीन कर रही थी तो महसूस हुआ कि वो सारी भावनाएं मेरे अंदर सचमुच जिंदा हो उठी हैं। मुझे यह खूबसूरत इसीलिए लगा क्योंकि वो सीन सिर्फ टेक्निकली नहीं बल्कि इमोशनली भी संतुलित थे। ऐसा लगा कि मैं एक्टिंग नहीं कर रही बल्कि सचमुच महसूस कर रही हूं।

### मैं अपनी अच्छाई खोना नहीं चाहती

जानती हूं कि मैं असल जिंदगी में कभी कॉप नहीं बन सकती। मैं बहुत ही सॉफ्ट नेचर की हूं। अगर कोई केस आए तो मैं सबको इनोसेंट साबित कर दूंगी कि ये भी सही, वो भी सही! और यही मासूमियत कई बार मुझे नुकसान भी पहुंचा चुकी है। किसी की जब सोच मुझसे मेल नहीं खाती तो मैं समझ जाती हूं लेकिन फिर भी बुरा लगता है कि उसने ऐसा क्यों किया। हां, ये जरूर है कि इन अनुभवों की वजह से मैं अपनी अच्छाई खोना नहीं चाहती।

**कपूर हूं लेकिन नेपो प्रोडक्ट नहीं :** लोग सोचते हैं कि मैंने शुद्ध देसी रोमांस के लिए ऑडिशन दिया और आसानी से फिल्म मिल गई। ऊपर से मेरा सरनेम कपूर है तो लोग सोचते हैं मैं नेपोटिज्म प्रोडक्ट हूं। मेरा फिल्मी कपूर परिवार से कोई लेना-देना नहीं। मैं दिल्ली से बहुत सकुचा-सकुचा के अकेले मुंबई आई थी। किसी ने गारंटी दी नहीं थी कि मुझे काम मिलेगा। मेरे साथ मेरी एक दोस्त आई थी क्योंकि मैं शहर में अकेले रहने से डरती थी। फैमिली बहुत ओवरप्रोटेक्टिव थी। उस वक्त तो दिल्ली लड़कियों के लिए बहुत अनसेफ लगती थी। मेरी दिल्ली में ही अकेले रहने की हिम्मत नहीं थी। खैर, जब मुंबई आई तो थोड़ा आसान लगा। मुंबई में जब कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने कहा था, 'दिन हो या रात, कभी कोई दिक्कत आ जाए तो बेझिझक फोन कर लेना', ये सुनकर मुझे और मेरी फैमिली दोनों को बड़ी राहत मिली।

**थककर दो-तीन दिन बस सोती ही रही थी :** शुरुआत में मैंने बहुत ऑडिशन दिए। कइयों बार जवाब भी नहीं मिलता था कि सिलेक्ट हुई हूं या नहीं। एक-दो बार ऐसा लगा कि यहां क्या कर रही हूं। एक वक्त तो मैंने अपनी टाइम लिमिट बांध ली थी कि अगर इन महीनों में कुछ समझ में नहीं आया तो मैं वापस जाकर कुछ और करूंगी। मैं बिल्कुल रिजिड नहीं थी कि हीरोइन ही बनना है। उस समय थोड़ी प्रैक्टिकल थी कि ये नहीं हुआ तो कुछ और करूंगी।



कहा जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरा संकल्प

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने संभाला मंत्रालय का मोर्चा



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आरंग/नवा रायपुर/ रायपुर । छत्तीसगढ़ सरकार के कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवम रोजगार व अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में सोमवार को अपने विभाग के शीर्ष अधिकारियों की पहली बैठक ली। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाली योजनाओं पर गहन एवं सार्थक चर्चा हुई।बैठक के दौरान मंत्री महोदय जी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे लिए यह पद केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जनता की सेवा का अवसर है।

मेरा संकल्प है कि छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूं और विभागीय योजनाओं को धरातल तक पहुंचाकर आमजन को प्रत्यक्ष लाभ दिलाऊं।मंत्री महोदय जी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं को कागजों में सीमित रखने की प्रवृत्ति समाप्त करनी होगी, अब हर योजना की गूंज गांव-गांव और घर-घर तक सुनाई देनी चाहिए।बैठक में अधिकारियों ने विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्तमान में चल रहे प्रकल्पों की जानकारी दी।



## पुष्पवर्षा से महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्यगण, जोन अध्यक्षगण, पार्षदगण करेंगे झांकियों का स्वागत, आयुक्त विश्वदीप ने किया निरीक्षण

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर में इस वर्ष दिनांक 8 सितम्बर 2025 सोमवार को रात्रि निकलने वाली श्रीगणेश मूर्ति विसर्जन की चल झंकियों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया जायेगा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों सहित श्रीगणेश मूर्ति विसर्जन चल झंकियों का स्वागत नगर निगम रायपुर के मंच से जयस्तम्भ चौक के किनारे शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा स्थल के समीप से पुष्पवर्षा करके करेंगी. आज आयुक्त विश्वदीप ने विसर्जन चल झांकी रूट की प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और मंच व्यवस्था के सम्बन्ध में अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित नगर निगम जोन 4 के अन्य सम्बंधित अधिकारियों को तैयारियों की प्रगति के सम्बन्ध में स्थल पर कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए तत्काल मंच का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए.



## बिरादरी मंडल द्वारा इक्कीस शिक्षकों का शाल और श्रीफल के साथ सम्मान

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

अवंति विहार स्थित दिव्यांग बच्चों स्कूल आंकाक्षा में सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा इक्कीस शिक्षकों का शाल और श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। और दिव्यांग बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। आंकाक्षा स्कूल की एच ओ डी श्रीमती शिला पिल्ले एवं सिम्मी श्रीवास्तव ने आकांक्षा स्कूल की स्थापना से आज तक की पूरी जानकारी दी एवं संस्था के सदस्यों का अभिवादन किया जिसमें अध्यक्ष दिलीप ईशानी के साथ सुनील अजवानी शंकर लाल दानवानी अजीत मोटवानी हरिश आजवानी रितुराज पेशवानी मनोहर छुगानी नानक लालवानी नरेश लालवानी अनिल हेमानी ने उपस्थिती दर्ज की।

## गौरव मंधानी बने कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**



रायपुर, राष्ट्रीय व्यापारी संस्था कैट ( कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स )की छत्तीसगढ़ प्रदेश की जंबो कार्यकारिणी घोषित की गई । कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के अनुशंसा पर सर्वसहमति से गौरव मंधानी को कैट में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई । मंधानी रायपुर स्कूटर पार्ट्स एसोसिएशन के महासचिव, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष, संस्था एक पहल ' और ' के प्रवक्ता एवं सिंधु यूथ एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपनी सेवा प्रदेश भर में दे रहे है !

## मुयमंत्री आज अटल उत्कृष्ठ शिक्षा योजना का करेंगे शुभारंभ श्रम मंत्री देवांगन रहेंगे मौजूद

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल मंगलवार 09 सितंबर दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईन में श्रम विभाग द्वारा आयोजित अटल उत्कृष्ठ शिक्षा योजना का शुभारंभ करेंगे। राज्य के श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12 वीं तक नि:शुल्क अध्ययन हेतु प्रवेशित बच्चों को सम्मान पत्र वितरण करेंगे। इस मौके श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन,एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल मंगलवार 09 सितंबर दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईन में श्रम विभाग द्वारा आयोजित अटल उत्कृष्ठ शिक्षा योजना का शुभारंभ करेंगे। राज्य के श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12 वीं तक नि:शुल्क अध्ययन हेतु प्रवेशित बच्चों को सम्मान पत्र वितरण करेंगे।

## महादेवघाट के पास विसर्जन कुण्ड में 3993 छोटी और 1431 बड़ी गणेश मूर्तियों का श्रद्धापूर्ण विसर्जन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025- इको फ्रेंडली गणेशोत्सव को साकार करने सामने आये भक्तजन, महादेवघाट के पास विसर्जन कुण्ड में 8 सितम्बर को दोपहर 2 बजे तक 3993 छोटी और 1431 बड़ी गणेश मूर्तियों का श्रद्धापूर्ण विसर्जन बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, कंकाली तालाब सहित भिन्न लगभग 3 दर्जन मुख्य तालाबों में नगर निगम द्वारा रखे गए अस्थाई विसर्जन कुण्ड में लगातार तीसरे दिन गणपति बप्पा को विदाई देने नम आँखों से पहुँचे बच्चे, महिलाएं, पर्यावरण हितेषी गणेशोत्सव में खारून नदी के पास विसर्जन कुण्ड बना श्रीगणेश भक्तों का संगम महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड, पहुंचमार्गो, तालाबों के अस्थाई विसर्जन कुण्ड की विशेष सफाईरायपुर -स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण के दिशा - निर्देश अनुसार रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा महादेवघाट खारून नदी के समीप विसर्जन कुण्ड में इको फ्रेंडली श्रीगणेश उत्सव के अंतर्गत खारून नदी के पास विसर्जन कुण्ड तैयार किया है. जिसमें आज लगातार तीसरे दिन दिनांक 8 सितम्बर 2025 को भी सुबह से श्रीगणेश भक्तों का संगम बना रहा और आज 8 सितम्बर को दोपहर 2 बजे तक श्रीगणेश की 3993 छोटी मूर्तियों और 1431 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन श्रीगणेश के भक्तजन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा - अर्चना करके और विघ्नहर्ता भगवान



## सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन किया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने 8 सितंबर 2025 को सुधा ओपन स्कूल, अमासेओनी, रायपुर में विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मती निशी खरे उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें**

- शैक्षिक सामग्री वितरण- सभी बच्चों को उनकी शैक्षिक यात्रा में सहयोग करने के लिए प्रतियां और पेन वितरित किए गए।

- सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी- एक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नों के उत्तर दिए। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।




- सांस्कृतिक कार्यक्रम- बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने समारोह के माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। - स्वागत समारोह- मुख्य अतिथि का स्वागत बच्चों द्वारा एक गर्मजोशी भरे स्वागत गीत के साथ किया गया। - प्रशंसा-मती निशी खरे ने सुधा सोसाइटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित गतिविधियों की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों के प्रभाव को स्वीकार किया।

**कार्यक्रम का संचालन**

सुधा सोसाइटी फाउंडेशन के chairman जी.के. भटनागर ने कार्यक्रम का संचालन किया और इसके सुचारू रूप से संचालन को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का समापन समाज द्वारा सभी बच्चों को जलपान प्रदान करने के साथ हुआ। शिक्षक भारती और खुशी यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाया.

संचालक लाभार्थियों की सहायता जिम्मेदारी और गंभीरता से करें -आयुक्त विश्वदीप

## प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराना है-महापौर मीनल चौबे

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

प्रधानमंत्री आवास योजना- हितग्राही आवेदनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम में हुई सीएससी/चाइस सेंटर / मोजस्क जनसुविधा केन्द्र संचालकों की बैठक

आवेदन प्रकिया में पारदर्शिता और शुद्धता अनिवार्य है, सभी केन्द्र

रायपुर - नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हितग्राही आवेदनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आज सोमवार 8 सितम्बर 2025 को नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर सीएससी/चॉइस सेंटर/मोजस्क जनसुविधा केन्द्र संचालकों की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि आवेदनों के समय भूमि दस्तावेज स्पष्ट एवं सही हों, सभी दस्तावेज़ पूर्ण और पठनीय रूप से अपलोड किए जाएँ। नगर पालिक निगम के अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कुछ केन्द्रों से अपूर्ण एवं गलत दस्तावेज़ अपलोड किए जा रहे हैं और लाभार्थियों का पता भी सही दर्ज नहीं किया जा रहा है। भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियाँ पाए जाने पर संबंधित केन्द्रों पर कार्यवाही की जाएगी। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि *प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराना है। आयुक्त श्री विश्वदीप ने कहा कि आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुद्धता अनिवार्य है। सभी केन्द्र संचालक लाभार्थियों की सहायता जिम्मेदारी और गंभीरता से करें।

बैठक में सभी संचालकों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन की अभिनंदन समारोह संपन्न



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन भोपाल अंचल के अंतर्गत रायपुर क्षेत्र की की साधारण सभा एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन रायपुर अंचल के महाप्रबंधक दिवाकर सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के पूर्व महाप्रबंधक तथा एसोसिएशन

के राष्ट्रीय सहायक महासचिव डॉक्टर जवाहर कर्णावट ने की। प्रारंभ में संगठन के अध्यक्ष गिरीश आचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव सत्यनारायण पालीवाल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले तीन वरिष्ठ सदस्य एच. एस. कानेटकर, वीरेंद्र कुमार सिंह तथा जी. नरैया का अभिनंदन किया गया ।समारोह को पदाधिकारी आर.के. मंडल, ए. पी. सिंह तथा के. सी.माहेश्वरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एस. एंटोनी सामी ने किया।

सड्डू शासकीय प्रयास बालक छात्रावास में आयोजित

## स्वास्थ्य शिविर में 70 छात्रों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्त्वाकांमुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन-9 द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट-13 के माध्यम से सड्डू स्थित शासकीय प्रयास बालक छात्रावास में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में हॉस्टल में निवासरत 70 छात्रों के साथ-साथ रसोइयों एवं अन्य कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। यह शिविर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन और महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप तथा नोडल अधिकारी श्रीमती कृष्णा खटीक के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। आयोजन की निगरानी एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर खेमेश कोशले द्वारा की गई। स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट-13 की टीम डॉ. ध्यानु राम (चिकित्सक) थानेश्वरी देवांगन (फार्मासिस्ट) अंजलि सिंह (नर्स) अजीत कुमार (लैब टेक्नीशियन) का सहयोग रहा। टीम द्वारा मौके पर स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, तथा आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही छात्रों एवं स्टाफ को स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श भी प्रदान किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर नगर पालिक निगम रायपुर की जनस्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत चलाए जा रहे जनहितैषी कार्यक्रमों की एक कड़ी है, जिसका उद्देश्य हर वर्ग तक नि:शुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।



## सौंदर्यीकरण योजना में निर्देशानुसार चबूतरा और बाउंड्रीवाल को तोड़कर पुनः बनवाया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

निगम जोन 7 ने करबला तालाब सौंदर्यीकरण योजना में निर्देशानुसार चबूतरा और बाउंड्रीवाल को तोड़कर पुनः बनवाया, गुणवत्ता बनाये रखने मॉनिटरिंगसन एंड सन द्वारा तालाब के किनारे डाली गयी मिट्टी को हटाने, विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य मानसून के बाद तेजी से किया जायेगा, बारिश के चलते तालाब किनारे मिट्टी में नमी के कारण कार्य वर्तमान में धीमी गति से प्रगति पर, कार्यपालन अभियंता दैनिक नियमित निरीक्षण कर रह- रायपुर पश्चिम विधायक और पूर्व केबिनेट मन्त्री राजेश मूणत और रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल और जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद आनंद अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 लोक कर्म विभाग द्वारा अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से जोन 7 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद वार्ड अंतर्गत करबला तालाब सौंदर्यीकरण योजना का कार्य 1 करोड़ की लागत से प्रगति पर है. इसके अंतर्गत निर्देशानुसार करबला तालाब सौंदर्यीकरण योजना में चबूतरा और बाउंड्रीवाल को तोड़कर नया बनवाया गया है और जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर गुणवत्ता बनाये रखने प्रतिदिन कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे करबला तालाब सौंदर्यीकरण योजना की प्रगति और गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर सम्बंधित ठेकेदार को इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दे रहे हैं.






# जंगलों में नक्सलियों के छिपाए विस्फोटक बरामद, किया नष्ट

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**

जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम गुंजेपर्ती के जंगलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई संयुक्त रूप से कोबरा 205, केरिपु 196 यंग प्लाटून बस्तरिया, और केरिपु 229 द्वारा की गई। सूत्रों के अनुसार एफओबी गुंजेपर्ती क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान जंगलों में छिपाकर रखे गए हथियार व विस्फोटक तैयार करने के उपकरणों और



अन्य सह उपकरण तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा डम्प बरामद किया गया।

जिसमें लेथ मशीन, इलेक्ट्रिक जनरेटर, वाटर पम्प, इलेक्ट्रिक कटर, हाइड्रोलिक सिलेंडर, जेक्स, स्पूलर, मोटर पार्ट्स, औधोगिक उपयोग की वस्तुएं, वायर, टूल बॉक्स, ड्रिल बिट्स, स्टील प्लेट्स, कंटेनर विस्फोटक निर्माण सामग्री और दवाइयां शामिल है। बरामद सभी सामग्री को सुरक्षा मानकों के अनुसार नष्ट कर दिया गया। इससे नक्सलियों की संभावित बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। यह कार्यवाई नक्सली नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

# स्वास्थ्य शिविर, उल्टी-दस्त पर काबू

**सुकमा, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर ग्राम पंचायत पाकेला के आश्रित ग्राम मांगीतोंग में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए रविवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को आवश्यक उपचार और जागरूकता प्रदान की। ग्राम में कुल 54 घरों में निवासरत 164 लोगों का मलेरिया सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम ने 40 लोगों में सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण पाए तथा 8 लोगों को दस्त की समस्या से प्रभावित पाया। गंभीर कुपोषण से ग्रसित 1 बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार हेतु भेजने निर्देशित किया, वहीं एक गर्भवती महिला का पंजीयन कर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा गया। गांव में स्थित पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीनीकरण कर संक्रमण से बचाव सुनिश्चित किया गया। साथ ही, ग्रामीणों को साफ पानी उबालकर पीने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई। शिविर में नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था है। समय पर शिविर लगाने से स्थिति नियंत्रण में है और



किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

शिविर में एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस, सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह, तहसीलदार इरशाद अहमद, बीएमओ डॉ. नारंग, सरपंच, वार्ड पंच एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन की जानकारी दी और बताया कि उल्टी-दस्त से ग्रामीण प्रभावित नहीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ है।



## सहा फुटबॉल क्लब विजेता

कोण्डागांव,। जिला फुटबॉल संघ कोंडागांव द्वारा आयोजित जिला फुटबॉल नाक आउट प्रतियोगिता का 6 सितंबर को फाइनल मैच वालव्स फुटबॉल क्लब कोंडागांव एवं सहा फुटबॉल क्लब कोंडागांव के बीच खेला गया।

इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अशोक उसेंडी उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन ,विशिष्ट अतिथि अमोल बासुराय, सुरजन आचार्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

फाइनल मैच सहा फुटबॉल क्लब ने 0-3 से इस प्रतियोगिता को अपने नाम किया। प्रतियोगिता के उपरांत उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के अशोक उसेंडी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अगर आगे छत्तीसगढ़ में होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेना है तो अपने आप को किसी न किसी टीम में पंजीयन करना

# हर्षोल्लास से मना गायता जोहारनी मिलन

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर संभाग में भादो माह की नवमी तिथि में प्रत्येक गांव-गांव में पुनांग तिन्दना पंडुम एवं गायता जोहारनी मनाने के बाद कई गांव पारा (जैसे- चिचाड़ी बड़ेपारा, सोड़ापारा, गुड्डुरीपारा, डुरकीपारा) साथ मिलकर एक वृहद स्तर पर शनिवार को गायता जोहारनी मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में गांव के अतिरिक्त आस-पास के लगे गांवों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया था और गांव के गायता, पटेल, पुजारी, सिरहा, गुनिया, कोटवार, प्रमुख सियान- सियानिनों, आमंत्रित मेहमानों एवं ग्राम के समस्त ग्रामवासियों को जिम्मीदारिन गुड्डु में सेवा अर्जी पश्चात मांदरी नृत्य, गाजे बाजे के साथ परघाते हुए कार्यक्रम स्थल पर ले जाया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्थापित नार्र भुमियार माजी मुदिया का प्रतीक



चिन्ह टंगिया एवं बुढ़ालपेन की सेवा अर्जी किया गया और सभी अतिथियों को मंच में ससम्मान बैठाया गया, तत्पश्चात गायता, पटेल, पुजारी एवं सभी प्रमुख सियानों को चावल टिका एवं पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सगाजनों को पालोड़ आकी (कोरई पत्ता) में चिवड़ा वितरण किया गया।

सभी वक्ताओं के द्वारा गोंडी, छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी में नवा खानी एवं गायता जोहारनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। नार्र हुजाड़ के अनुसार गांव में गोंड मुरिया,.. आदिवासियों के अतिरिक्त जितने भी मूलनिवासी समुदाय- राउत, गांडा, लोहार,.... निवासरत हैं वे सभी लोग भी भादो माह के नवमी तिथि को नवा खानी पर्व बड़े हर्षोल्लास से एक साथ मनाते हैं। नवा खानी में सभी समुदाय अपने-अपने पुर्वजों, पुरखों अर्थात दादा के दादा के....दादा या अपने कुल के बुढ़ा को मड़दी आकी (साजा पत्ता) में नया अन्न को अर्पित किया जाता है तब जाकर परिवार के सभी सदस्य (पालोड़ आकी) कोरई पत्ता में नया अन्न ग्रहण करते हैं यह परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है। इस तरह गांव के सभी लोग प्रकृति पर्व नवा खानी को बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं और गांव के सभी लोग आपसी भाई-चारा से रहते हैं।

ऐसे कार्यक्रमों से नवा खानी एवं गायता जोहारनी की जानकारी हर व्यक्ति को मिलेगा और अपने भाषा, संस्कृति, रूढ़ि प्रथा एवं अपने- अपने पुरखों से जुड़ेगा एवं महान संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस करेगा। गुट्टा मांदरी नृत्य- नयानार और माटी मांदरी नृत्य- बरकई दल आकर्षण का केंद्र रहा, सभी ने भंडारवंडी टीम के पारंपरिक वाद्ययंत्रों का भरपूर आनंद लेकर सामूहिक रेला पाटा नृत्य किया गया। गायता जोहारनी मिलन समारोह कार्यक्रम में गायता एवं पटेल के परिवार, पुजारी रामलाल मरकाम, सुकदेव गोंड समरथ वट्टी, हीरासिंग मरकाम, सोनऊ मरकाम, घनश्याम मरकाम, मंजू नेताम, सुखलाल मरकाम, चमरू वट्टी, जगन्नाथ मरकाम, राजेश मरकाम, दया राम नेताम, लखमू नेताम, लच्छमन नेताम, नाथू नेताम, सुंदर नेताम, अर्जुन नेताम उपस्थित थे।

# पत्थर से हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## पोटेनार के पहाड़ी मार्ग पर मिली थी लाश

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**

जिले के जांगला थाना क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या आपसी विवाद के चलते की गई थी, जिसमें आरोपी ने पत्थर से वार कर युवक की जान ले ली।




जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान सुरेश उज्जी निवासी ग्राम गोंगला थाना गंगालूर के रूप में हुई है। घटना 26 अगस्त को सामने आई। जब पोटेनार के पास पहाड़ी मार्ग पर एक शव मिलने की सूचना थाना जांगला को प्राप्त हुई। शव की स्थिति को देखते हुए प्रारंभिक तौर पर ही यह स्पष्ट हो गया था कि युवक की हत्या ठोस वस्तु से सिर और चेहरे पर गंभीर वार कर की गई है।

थाना जांगला द्वारा तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि घटना दिनांक से कुछ दिन पूर्व, 23 अगस्त को मृतक सुरेश उज्जी और ग्राम पोटेनार निवासी बामन सोढ़ी पिता के बीच खाना खाने के दौरान विवाद हुआ था। यही विवाद बाद में रंजिश में बदल गया और आरोपी बामन सोढ़ी पोटेनार थाना जांगला ने सुरेश उज्जी की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी।

पुलिस द्वारा की गई बारीकी से पूछताछ में आरोपी बामन सोढ़ी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर को भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में

# शिक्षक संदीप सेन सीसीआरटी केंद्र दमोह में हुए सम्मानित

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका विषय पर आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन सीसीआरटी (सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र) क्षेत्रीय केंद्र दमोह (मध्यप्रदेश) में हुआ। इस अवसर पर कोण्डानार (कोण्डागांव) के शिक्षक संदीप सेन को सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा के जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वावधान में 26 अगस्त से 4 सितंबर तक यह कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 9 शिक्षक प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यशाला में शिक्षकों ने प्रोजेक्ट कार्य, पाठ योजनाएँ, वर्कशीट्स और अपने-अपने राज्य की संस्कृति का प्रेजेंटेशन देकर भारत की विविध कला और संस्कृति पर प्रकाश डाला। शिक्षकों का कहना था कि इस कार्यशाला से मिली सीख को वे अपने विद्यालयों में बच्चों तक पहुँचाकर शिक्षा को और अधिक सार्थक और संस्कृति से जोड़ेंगे। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को खजुराहो भ्रमण और दमोह के रानी दमयंती पुरातात्विक संग्रहालय का अवलोकन कराया गया, जिसे उन्होंने अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव बताया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि वाय. कुरैशी (दमोह जिला प्रशासनिक अधिकारी) ने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि यह दमोह के लिए गौरव की बात है कि देशभर के शिक्षक यहाँ आकर स्थानीय कला और संस्कृति का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता पर शुभकामनाएँ दीं। समापन सत्र में शिक्षकों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। यह केवल कार्यशाला का समापन नहीं बल्कि कला-एकीकृत और संस्कृति-आधारित शिक्षा को कक्षाओं तक पहुँचाने की नई शुरुआत भी रहा।



# ईद मिलादुन्नबी पर भव्य जुलूस, अमन-शांति की मांगी दुआएं



**जशपुरनगर, प्रतिदिन राजधानी**

डड़गांव में ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डड़गांव में पीर सैय्यद अरशद रब्बानी की सदारत में भव्य जुलूस निकाला गया।

सुबह होते ही पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश की खुशियां मनाने सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग पहुंचे साथ ही बच्चे, बुजुर्ग, नवजवान शामिल हुए और सभी के हाथों में झंडे, नारे और धार्मिक गीतों के साथ पूरे डड़गांव का माहौल जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी से गूंज उठा।

जुलूस की शुरुआत जामा मस्जिद से हुई और डड़गांवभर में घूमते हुए यह जामा मस्जिद में पहुंचकर संपन्न हुआ। रास्ते भर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने हुजूर-ए-पाक की शान में नात, कलाम और सलाम पेश किए। इसी दौरान मौलाना जहीरउद्दीन अंसारी, यूसुफ अंसारी, हैदर खान, वासिद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, नूरे अंसारी, के द्वारा प्रस्तुत हुज़ूर आये कलाम ने महफ़िल का रंग और भी बढ़ा दिया और उपस्थित लोग झूम उठे।

जुलूस की समाप्ति के अवसर पर जामा मस्जिद डड़गांव में विशेष दुआ का आयोजन किया गया। पीर सैय्यद अरशद रब्बानी ने देश में अमन, भाईचारा और शांति कायम रहने की दुआ की मांगी

पूरे आयोजन में मौलाना जहीरउद्दीन अंसारी, यूसुफ अंसारी, नईम खान, साजिद अंसारी, अंजुमन इस्लामिया डड़गांव के तमाम ओहदेदार सदर मोकिम खान, सेक्रेटरी एहसानुल हक कुरैशी, जाहिद अंसारी, असरफ खान, मोईन खान, मुमताज अंसारी, असलम अंसारी, गुलाम गौश अंसारी,एजाज अंसारी, सलमान खान, माजिद अंसारी, बख्तावर अंसारी, रैयान खान, अफसर खान, सिदिक अंसारी, हैदर खान, तनवीर खान, अनीस अंसारी, हलीम अंसारी, हासिम खान, गुफरान खान, शाहिद खान, खुशनूद अंसारी, रईस अंसारी, अकबर खान,सैफुल्लाह खान, रब्बानी अंसारी वारिस खान और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे





# बिजली दफ्तर में चोरी, लाखों की नगदी पार

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

कोण्डागांव शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बार चोरों ने विद्युत विभाग के कार्यालय को अपना निशाना बनाया है। शनिवार को कार्यालय में अवकाश होने का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की नगदी चुरा ली।

बताया जा रहा है कोंडागांव जिले का यह पहला मामला है, जब किसी सरकारी कार्यालय में चोरों ने चोरी की है। सूत्रों के अनुसार, आज रविवार सुबह लगभग 10 बजे एक कर्मचारी किसी कार्य से कार्यालय पहुंचा, जहां ताले को टूटा हुआ पाया। इसकी सूचना तुरंत विभागीय अधिकारियों और पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ऑफिस में बिजली बिल भुगतान की करीब 2 लाख 45 हजार रुपए से अधिक की नगदी रखी हुई थी। हालांकि, असली रकम का खुलासा रजिस्टर और रिकॉर्ड से मिलान के बाद ही हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जांच में जुटी है।



## एनएमडीसी किरंदुल से सेवानिवृत्त कर्मियों को इंटक ने सम्मान के साथ दी विदाई

**बचेली/किरंदुल, प्रतिदिन राजधानी**

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के वरिष्ठ कर्मचारी टून्नाराम एवं नील कुमार भुआर्य के सेवानिवृत्त होने पर मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा सम्मान कर भावभीनी विदाई दी गई।

31 अगस्त को टून्ना राम 11 सी के क्रशिंग प्लांट से मास्टर एचईएम मेकेनिक ग्रेड वन एवं नील कुमार निक्षेप 14 से मास्टर एचईएम मेकेनिक के पद पर रिटायर्ड होने पर इंटक ने शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयेजन किया गया।

जिसमें यूनियन के द्वारा जीवन के उज्जवल्ल भविष्य के लिए शुभकामनाऍ देते हुए उन्हें स्मृति चिंह भेंट किया गया एवं उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों एवं योगदान के लिए आभार जताया। इस दौरान श्रमिक संगठन के सचिव एके सिंह, अध्यक्ष विनोद कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यो, विभागीय प्रतिनिधि, ठेका श्रमिक सदस्य व अन्य सदस्यो की मौजूदगी रही।

# पत्नी की संदिग्ध मौत, पति गिरफ्तार

## आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

कोंडागांव थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरीगुड़ा में 4 सितंबर को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उनके पति को गिरफ्तार कर लिया है। पति पर पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। मृतक महिला अमरिका बाई सोरी की मौत उनके मायके में हुई थी। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद इसे आत्महत्या का मामला बताया था, लेकिन जांच में यह सामने आया कि उनके पति उमेश नेताम उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, मृतका अमरिका बाई सोरी के साथ उनके पति उमेश नेताम द्वारा अक्सर मारपीट और विवाद किया जाता था। घटना के दिन भी पति ने पत्नी के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद 4 सितंबर की सुबह उनका शव उनके मायके के एक कमरे में मिला। उनका शव कमरे में एक शॉल के फंदे से लटका हुआ था।

जांच के दौरान पुलिस को पति उमेश नेताम के खिलाफ पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के पर्याप्त सबूत मिले। इसके आधार पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस बात की पुष्टि कोंडागांव थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान ने की है।कोंडागांव थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरीगुड़ा में 4 सितंबर को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उनके पति को गिरफ्तार कर लिया है। पति पर पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। मृतक महिला अमरिका बाई सोरी की मौत उनके मायके में हुई थी। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद इसे आत्महत्या का मामला बताया था,



# हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

शा उच्च मा विद्यालय बीजापुर (अमरावती ) में शिक्षक दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं सरस्वती वंदना से हुई, तत्पश्चात डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दिवाकर मांझी (सेवानिवृत्त प्राचार्य ) एवं विद्यालय की प्राचार्य एस एल पदमाकर , उप - प्राचार्य अशोक कुमार भगत सहित समस्त शिक्षकों ने पूजा अर्चना की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों का स्वागत बच्चों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों के लिए स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए, साथ ही बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस के विषय पर भाषण एवं गीत की प्रस्तुति दी गई।

इसके बाद मुख्य अतिथि दिवाकर मांझी एवं विद्यालय के प्राचार्य एस एल पदमाकर , अशोक कुमार भगत , टी के अग्निवंशी व्याख्याता सहित समस्त शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के विषय पर अपने अपने अनुभव बच्चों से साझा किये।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल की तरफ से मुख्य अतिथि श्री मांझी को शॉल एवं डायरी भेंट स्वरूप प्रदान की गई। साथ ही समस्त शिक्षकों को बैच, पेन, डायरी एवं गमछा बच्चों द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।

## खाद दुकानों और गोदामों का निरीक्षण

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

फरसगांव विकासखंड के बड़ेडोंगर क्षेत्र में 6 सितंबर को प्राप्त शिकायतों के आधार पर कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के नेतृत्व में उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कृति एंटरप्राइजेस एवं रिद्धि श्री इंटरप्राइजेस का निरीक्षण किया गया। जांच में कृति एंटरप्राइजेस में मूल्य सूची का प्रदर्शन एवं स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं पाया गया, साथ ही उनकी पीओएस मशीन भी खराब मिली। इस पर संस्था को स्पष्टीकरण जारी किया गया। गोदाम में रखे उर्वरकों को व्यवस्थित करने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों दुकानों में यूरिया उर्वरक उपलब्ध नहीं था, जबकि गोदामों में 20-20-0, 14-28-0, डीएपी, एसएसपी एवं एमओपी उर्वरक का स्टॉक पाया गया। इस कार्रवाई में एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के साथ नायब तहसीलदार निधि एस. नेताम, उर्वरक निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल मरकाम, मेघनाथ साहू एवं आशीष नेताम शामिल रहे।



## एशिया कप 2025 : हांगकांग 5वीं बार एशिया कप खेलने के लिए तैयार

# यूएई चौथी और ओमान पहली बार उतरेगा मैदान में

नई दिल्ली।

एशिया कप 2025 आज से शुरू होने वाला है। संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में पहली बार 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें से तीन हांगकांग, यूएई और ओमान एसोसिएट देश देश हैं। इनमें सबसे अनुभवी हांगकांग है। हांगकांग 5वीं बार एशिया कप खेलने जा रहा है। वहीं यूएई चार बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा रह चुका है। ओमान का यह पहला एशिया कप होगा। तीनों टीमों ने एशियान क्रिकेट काउंसिल द्वारा आयोजित प्रीमियर कप टूर्नामेंट के जरिये क्वालीफाई किया है।



### हांगकांग

हॉन्ग कॉन्ग ने कतर और मलेशिया को हराकर अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया और प्रतियोगिता के सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। सेमीफ़ाइनल में उन्हें ओमान से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन तीसरे स्थान के प्लेऑफ़ मैच में उन्होंने अपनी से बेहतर रैंकिंग वाली नेपाल टीम को हराकर एशिया कप के लिए क्वालीफ़ाई कर लिया। हॉन्ग कॉन्ग 5वीं बार एशिया कप खेलेगा। वहीं टी20 फॉर्मेट में यह उनका दूसरा टूर्नामेंट होगा। उन्होंने पहली बार 2004 में क्वालीफाई किया था। इसके बाद 2008 में उन्होंने जगह बनाई। लेकिन इसके बाद अगले चार संस्करणों में वे जगह नहीं बना पाये। 10 साल के लंबे इंतजार के बाद 2018 में उन्होंने जोरदार वापसी की और फिर 2022 में क्वालीफ़ाई किया। हालांकि एक भी बार वे पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। ऐसे में इस बार हॉन्ग कॉन्ग कुछ उलटफेर कर अपने रिकॉर्ड को सुधारना चाहेगा।

### हॉन्ग कॉन्ग का स्क्वाड

यासिम मुर्तजा (कप्तान), बाबर हयात, जीशान अली, निजाकत ख़ान, नसरुल्ला राणा, मार्टिन कोएत्जी, अंशी रथ, कल्हण चल्लू, आयुष शुक्ला, ऐजाज ख़ान, अतीक इक़बाल, किंचित शाह, अली हसन, शाहिद वासिफ़, मोहम्मद ग़जनफ़र, मोहम्मद वहीद, एहसान ख़ान।

### ओमान

ओमान की टीम पहली बार एशिया कप खेलने जा रही है। टीम के अभियान की शुरुआत 12 सितंबर को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ होगी इसके बाद, वो 15 सितंबर को यूएई से भिड़ेंगे और फिर 20 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में अपने अंतिम ग्रुप मैच में गत चैंपियन भारत से भिड़ेंगे। प्रीमियर कप टूर्नामेंट के चार मैचों में चार जीत के साथ ओमान ने अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद उन्होंने सेमीफ़ाइनल में हॉन्ग कॉन्ग को हराया। हालांकि फ़ाइनल में यूएई ने ओमान को हरा दिया लेकिन दोनों ही टीमों ने एशिया कप में जगह सुनिश्चित कर ली और इसके साथ ही तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ़ में जीत हासिल कर हॉन्ग कॉन्ग को भी एशिया कप में प्रवेश मिल गया।

### ओमान का स्क्वाड

जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

### यूएई

**यूएई ने एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 के जरिए एशिया कप में प्रवेश पाया है। ओमान में हुए इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था और शीर्ष दो टीमों को एशिया कप का टिकट मिला। यूएई ने फ़ाइनल में ओमान को हराने से पहले सेमीफ़ाइनल में नेपाल को मात दी थी। यूएई को ग्रुप ए में गत चैंपियन भारत, पाकिस्तान और ओमान के साथ रखा गया है। वे अपने पहले मैच में दुबई में भारत से भिड़ेंगे, उसके बाद अबू धाबी में ओमान से और फिर दो दिन बाद दुबई में पाकिस्तान से भिड़ेंगे। सुपर 4 में जगह बनाने के लिए उन्हें शीर्ष दो में रहना होगा। यूएई ने इससे पहले सिर्फ़ एक बार 2016 में टी20 फॉर्मेट में एशिया कप खेला है। उस साल, क्वालीफाइंग चरण को टूर्नामेंट के साथ ही मिला दिया गया था, और यूएई ने अफगानिस्तान, हांगकांग और ओमान पर जीत के साथ पहले चरण में आसानी से जीत हासिल की थी। दूसरे चरण में, वे चारों मैच हारकर सबसे निचले पायदान पर रहे।**

### यूएई का स्क्वाड

**मुहम्मद वसीम ( कप्तान ), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा ( विकेटकीपर ), आसिफ खान, ध्रुव पाराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतिउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा ( विकेटकीपर ), रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह और सगीर खान।**

# पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीता, फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया

शारजाह।

टी-20 एशिया कप से ठीक पहले पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीत ली है। टीम ने फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराया। शारजाह में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने 141 रन बनाए। फिर मोहम्मद नवाज के सटीक गेंदबाजी के दम पर अफगानी टीम को 66 रन पर ऑलआउट कर दिया। नवाज ने हैट्रिक सहित 5 विकेट झटके। नवाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



**कोई पाकिस्तानी बैटर 30 का आंकड़ा पार नहीं कर सका :** कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। साहिबजादा फरहान पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। कोई भी बल्लेबाज 30 रन से ज्यादा नहीं बना सका। फखर जमान ने सर्वाधिक 27 रन बनाए, जबकि मोहम्मद नवाज ने 25 रनों की अहम पारी खेली और टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। राशिद खान, फजल हक फारूखी और नूर अहमद की धारदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान की टीम मुश्किल से 141 रन तक पहुंची।

**अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप :** 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने मात्र 46 रन तक अपने 7 विकेट गंवा दिए। टॉप ऑर्डर के सात में से केवल सेदिकुल्लाह अटल ही दहाई अंक तक पहुंच सके। तीन बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाए। स्टार ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 5 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान इब्राहिम जादरान केवल 9 रन बना सके।

**मोहम्मद नवाज ने 5 विकेट लिए :** मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक सहित कुल 5 विकेट चटकाए। उन्होंने अपने चार ओवरों में मात्र 19 रन दिए। उनकी हैट्रिक शानदार रही। पहले 5.5 ओवर में दरवेश रसूली को आउट किया, अगली ही गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजई को चलता किया और फिर अगले ओवर की पहली गेंद पर इब्राहिम जादरान को पवेलियन भेजकर हैट्रिक पूरी की।

# अल्काराज ने सिनर को हराकर जीता यूएस ओपन

## छठा ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया, वर्ल्ड नंबर-1 प्लेयर भी बने

न्यूयॉर्क।

स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। 22 साल के अल्काराज ने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। अल्काराज ने दूसरी बार यूएसओपन जीता। पिछली बार वे 2022 में चैंपियन बने थे। न्यूयॉर्क में स्पेनिश स्टार अल्काराज ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में सिनर ने वापसी करते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में अल्काराज ने दबदबा बनाया और एक गेम गंवाते हुए 6-1 से सेट अपने नाम किया। चौथे सेट में सिनर ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही अल्काराज सिनर से वर्ल्ड नंबर-1 का ताज भी छीन लिया। अल्काराज 2023 के बाद पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बने हैं। वे 5वीं बार वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे। इससे पहले वे कुल मिलाकर 37 हफ्ते नंबर-1 रह चुके हैं।



### सेमीफाइनल में अल्काराज ने जोकोविच और सिनर ने ऑगर-अलियासिमे को हराया

अल्काराज ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6(4), 6-2 से हराया। वहीं, सिनर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।

### 2025 में तीसरी बार भिड़े ग्रैंड स्लैम फाइनल में

यह इस साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था जिसमें अल्काराज और सिनर आमने-सामने हुए। जून में हुए फ्रेंच ओपन फाइनल में अल्काराज विजेता बने थे, जबकि जुलाई में विंबलडन के फाइनल में सिनर ने अल्काराज को हराया था।

**पिछले आठ ग्रैंड स्लैम पर अल्काराज-सिनर का कब्जा :** पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियां अल्काराज और सिनर ने आपस में बांटी हैं। पिछले 13 ग्रैंड स्लैम में से 10 खिताब इन दोनों खिलाड़ियों के नाम रहे हैं।

**सिनर बने चौथे खिलाड़ी जिन्होंने एक साल में चारों ग्रैंड स्लैम फाइनल खेले :** सिनर लगातार पांचवें ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे हैं, जिसकी शुरुआत 2024 यूएस ओपन से हुई थी। वह एक साल में सभी चार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रॉड लेवर (1969), रोजर फेडरर (2006, 2007, 2008) और नोवाक जोकोविच (2015, 2021, 2023) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मैच देखने पहुंचे :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मैच देखने पहुंचे। दर्शकों का अभिवादन करते हुए ट्रम्प हाथ हिलाते नजर आए। उन्हें दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। कुछ लोगों ने तालियां बजाईं, जबकि कुछ ने हूटिंग भी की। ट्रम्प के आने के कारण मैच करीब आधे घंटे देरी से शुरू हुआ।

# क्रिस गेल का बड़ा खुलासा : आईपीएल की पंजाब किंग्स टीम ने की बेइज्जती, कुंबले के सामने रोने लगे और सीजन के बीच में छोड़कर चले गए

नई दिल्ली।

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर और टी20 क्रिकेट के यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल ने हाल ही में एक सनसनीखेज खुलासा किया है, जिसने क्रिकेट जगत को हिलाकर रख दिया। गेल ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि साल 2021 के आईपीएल सीजन के दौरान फ्रेंचाइजी ने उनका अपमान किया, जिसके चलते वह पहली बार डिप्रेशन का शिकार हुए। इस दौरान उन्होंने अपनी मेंटल हेल्थ को प्राथमिकता देते हुए टूर्नामेंट को बीच में ही छोड़ने का फैसला किया।



**पंजाब किंग्स के साथ गेल का सफर :** क्रिस गेल ने पंजाब किंग्स के साथ 2018 से 2021 तक चार सीजन तक खेला। इस दौरान उन्होंने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से कई मैचों में फ्रेंचाइजी को जीत दिलाई। हालांकि, 2021 का सीजन उनके लिए बेहद निराशाजनक रहा। यह सीजन 9 अप्रैल को शुरू हुआ था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे 4 मई को निलंबित कर दिया गया। बाद में 19 सितंबर से टूर्नामेंट फिर से शुरू हुआ, लेकिन गेल को ज्यादा मौके नहीं मिले। आखिरकार, बबल फटीग का हवाला देते हुए गेल ने सीजन के बाकी मैचों से अपना नाम वापस ले लिया।

**शुभांकर मिश्रा को दिए इंटरव्यू में खुलासा :** हाल ही में पत्रकार शुभांकर मिश्रा के साथ एक पॉडकास्ट में गेल ने अपने दिल का दर्द बयां किया। उन्होंने कहा, मेरा आईपीएल करियर अचानक खत्म हो गया, और यह पंजाब किंग्स के साथ था। फ्रेंचाइजी ने मेरा अपमान किया। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मेरे साथ सही व्यवहार नहीं किया जा रहा है। मैंने इस फ्रेंचाइजी के लिए इतना कुछ किया, लेकिन आखिर में मुझे एक सीनियर खिलाड़ी की तरह नहीं, बल्कि एक बच्चे की तरह ट्रीट किया गया। उस दौरान मुझे अपनी जिंदगी में पहली बार ऐसा लगा कि मैं डिप्रेशन का शिकार हो रहा हूं। गेल ने आगे बताया, जब लोग डिप्रेशन की बात करते हैं, तो मैं इसे थोड़ा-बहुत समझ सकता हूं। उस समय मेरी मानसिक स्थिति ऐसी थी कि मैं पूरी तरह टूट चुका था।

**अनिल कुंबले से बात और निराशा :** गेल ने उस समय के पंजाब किंग्स के कोच अनिल कुंबले के साथ अपनी बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैंने अनिल कुंबले से बात की थी, और मुझे हैरानी हुई कि फ्रेंचाइजी को इस तरह मैनेज किया जा रहा था। उस समय मैंने फैसला किया कि मेरे लिए पैसा नहीं, बल्कि मेरी मेंटल हेल्थ ज्यादा जरूरी है। गेल ने कुंबले से अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा, मैंने उनसे साफ कहा कि अब मेरे लिए और सहना मुश्किल है। मैं अंदर से पूरी तरह टूट चुका था। मैं चाहता था कि अब मैं इसे छोड़ दूं। गेल ने यह भी खुलासा किया कि इस बातचीत के दौरान उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा, मैं बहुत दुखी था। मैं अनिल से भी खुश नहीं था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि आखिर फ्रेंचाइजी कैसे चल रही है।

### केएल राहुल का आखिरी मैसेज और विदाई

उस समय पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल थे। गेल ने बताया कि जब उन्होंने जाने का फैसला किया, तो राहुल ने उन्हें रोकने की कोशिश की। गेल ने कहा, केएल राहुल ने मुझसे कहा, क्रिस, रुक जाओ, तुम अगला मैच खेलोगे।' मैंने उनसे कहा, 'भाई, थैंक्यू।' मैंने ऑल द बेस्ट बोला, अपना बैग पैक किया और वहां से चला गया।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 : लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल में, जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में निखत भिड़ेंगी जापान की युना निशिनाका से

नई दिल्ली।

लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरुषों के 80 किग्रा भार वर्ग में लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में पहुंच गए हैं, जबकि महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में जैस्मिन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुसैन इशैश को 5-0 से मात दी। उन्होंने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और पहले राउंड में बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में हुसैन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन तीसरे राउंड में लक्ष्य ने फिर से दबदबा बनाया और शानदार जीत दर्ज की। सभी पांचों जजों ने सर्वसम्मति से फैसला लक्ष्य के पक्ष में दिया।



### पवन बर्तवाल का सफर समाप्त

पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में भारत के पवन बर्तवाल को उज्बेकिस्तान के मिर्जाखालोलोव मिराजिजबेक के खिलाफ 0-5 से हार झेलनी पड़ी। इसके साथ ही उनकी विश्व चैंपियनशिप की यात्रा यहीं समाप्त हो गई।

### लवलीना बोरगोहैन बाहर

टोक्यो ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहैन पहले दौर में ही बाहर हो गईं। उन्हें महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में तुर्की की बुसरा इसिलदार ने 5-0 से हराया। हार के बाद 27 वर्षीय लवलीना ने कहा कि उन्हें उचित ट्रेनिंग और कोचिंग नहीं मिल पा रही है।

# एशिया कप 2025 में कुलदीप यादव टीम इंडिया का 'ट्रंप कार्ड', रवि शास्त्री ने बताया नाम

नई दिल्ली।

एशिया कप 2025 में यूएई की स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिचों पर चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव भारत के ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी एशिया कप 2025 में भारत की प्लेइंग इलेवन में कुलदीप यादव को शामिल करने का समर्थन किया है। भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान बेंच पर बैठे उत्तर प्रदेश के इस स्पिनर की आठ देशों के टूर्नामेंट के लिए टी20 टीम में वापसी हुई है। हालांकि, सवाल यह है कि क्या सूर्यकुमार यादव दोनों विशेषज्ञ स्पिनरों कुलदीप और वरुण चक्रवर्ती को एक साथ खिलाएंगे शास्त्री का कहना है कि इसमें कोई दो राय नहीं है।



**एशिया कप में टीम इंडिया के लिए अहम होंगे कुलदीप :** रवि शास्त्री ने टीओआई से बातचीत में कहा कि कुलदीप अपने करियर के चरम पर हैं और दावा किया कि वह टीम इंडिया के लिए अहम खिलाड़ी होंगे। बता दें कि आईपीएल 2025 में कुलदीप यादव ने 13 मैचों में 15 विकेट अपने नाम किए थे। इसके बावजूद उन्हें प्लेइंग इलेवन से अक्सर बाहर कर दिया जाता रहा है।

**कुलदीप अभी अपने चरम पर :** शास्त्री ने कहा कि अगर आपके पास उस स्तर के दो कलाई के स्पिनर हैं तो मैं उन्हें अपनी टीम में जरूर शामिल करूंगा। मुझे लगता है कि कुलदीप अभी अपने चरम पर हैं। उन्होंने आईपीएल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन दुर्भाग्य से भारत की मजबूत टीम और परिस्थितियों के कारण इंग्लैंड में टेस्ट मैचों के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए। एशिया कप और आगे चलकर वह वरुण और अक्षर के साथ वह टीम की अहम भूमिका निभाएंगे।

# यार उसे मौका तो दो.. इंग्लैंड और भारत ए में सरफराज खान की अनदेखी को लेकर गेल ने सेलेक्टर्स पर साधा निशाना

नई दिल्ली।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल ने सरफराज खान को भारतीय टेस्ट टीम में शामिल करने का समर्थन किया है और दावा किया है कि उनका वजन उनके चयन में कोई बाधा नहीं है। मुंबई के इस बल्लेबाज को पहले भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टीम से बाहर रखा गया था, जबकि वह ए टीम का हिस्सा थे और अब उन्हें भारत ए टीम से भी बाहर कर दिया गया है, इस बार शायद उनकी क्वाड्रिसेप्स चोट के कारण। गेल ने कहा कि उस सरफराज को 100% टीम का हिस्सा होना चाहिए था। मेरा मतलब है, भारत में बहुत प्रतिभा है, यार... लेकिन उसे मौका तो दो।



**उनकी लगन का पता चलता है :** शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट में क्रिस गेल ने कहा कि सरफराज के वजन में कोई खराबी नहीं है, जिसके लिए उन्हें टेस्ट टीम से बाहर रखा जाए। उन्होंने कहा कि 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाने के बावजूद मुंबई के इस बल्लेबाज को इस साल की शुरुआत में भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में टीम से बाहर रखा गया। टेस्ट टीम में शामिल होने की उम्मीद में सरफराज ने इंग्लैंड दौरे से पहले 17 किलो वजन कम किया था, जिससे उनकी लगन का पता चलता है।

**कम से कम उन्हें टेस्ट टीम में तो होना ही चाहिए :** गेल ने कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में होना चाहिए। कम से कम उन्हें टेस्ट टीम में तो होना ही चाहिए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शतक बनाया, लेकिन टीम में नहीं लिया गया। मैंने कुछ दिन पहले एक पोस्ट देखी थी। उनका वजन कम हो गया था। उनके वजन में कोई कमी नहीं थी। वह बिल्कुल ठीक हैं। वह अभी भी रन बना रहे थे।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था शतक :** बता दें कि घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद सरफराज को अपने टेस्ट डेब्यू के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। उन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया, जहां उन्होंने तीन अर्धशतक लगाए। सरफराज ने आखिरी बार भारत के लिए टेस्ट मैच 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेला था, जहां उन्होंने शतक बनाया था, इसके बावजूद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। गेल ने आगे कहा कि उस आदमी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तिहरे शतक लगाए हैं। इसलिए अगर वे उसके खिलाफ इस तरह का रवैया अपना रहे हैं तो यह दुखद है, आप जानते हैं। ऐसा कभी नहीं करना चाहिए। उस युवा खिलाड़ी को 100% टीम का हिस्सा होना चाहिए था।

# Amazon.in ने किया ऐलान : 23 सितम्बर से शुरू होगा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल

नई दिल्ली।

Amazon.in ने घोषणा की कि अमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल 23 सितम्बर 2025 से शुरू होगा। प्राइम मेंबर्स को इस शॉपिंग एक्स्ट्रावैगेंजा का 24 घंटे पहले एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। जैसे-जैसे भारत त्योहारी सीजन की तैयारी कर रहा है, ग्राहक सबसे व्यापक चयन, बेहतरीन कीमतों और सबसे तेज डिलीवरी का आनंद ले पाएंगे। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एसेंशियल्स, किराना सामान और अन्य सभी लोकप्रिय कैटेगरी में आकर्षक डील्स, शानदार शॉपिंग अनुभव, एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड एवं ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट, अग्रणी बैंकों के रोमांचक ऑफ़र और अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त कैशबैक के साथ यह अमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल हर किसी के लिए कुछ खास लेकर आ रहा है।




अमेजन इंडिया के वीपी - कैटेगरीज सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल भारतीय त्योहारों की भावना का उत्सव है, जो ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड्स को देश के सबसे बड़े शॉपिंग समारोह में एक साथ लाता है। इस साल ग्राहक एक लाख से अधिक प्रोडक्ट्स पर साल की सबसे कम कीमतों, ब्लॉकबस्टर डील्स, रोमांचक नए लॉन्च, मनोरंजन और बहुत कुछ का आनंद ले सकेंगे। लाखों प्रोडक्ट्स पर जीएसटी में कमी और विक्रेताओं द्वारा पहले से तैयार की गई शानदार डील्स के साथ, ग्राहक इस अमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल में बेहतरीन बचत कर पाएंगे। अमेजन ने पूरे भारत में त्योहारी सीजन से पहले 45 नए डिलीवरी स्टेशनों की शुरुआत की घोषणा की है। ये डिलीवरी स्टेशन टियर II और टियर III शहरों में खोले गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के रायबरेली और बुलंदशहर, तमिलनाडु के मराईमलाई और तिरुचिरापल्ली, पश्चिम बंगाल के हावड़ा और पूर्वी मिदनापुर, अंडमान के पोर्ट ब्लेयर, आंध्र प्रदेश के नरसिपटनम, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उधमपुर, झारखंड के रांची और गिरिडीह, तथा असम के तिनसुकिया और सिलचर सहित कई अन्य शहर शामिल हैं। इसके साथ ही, अमेजन के पास अब देशभर में लगभग 2,000 लास्ट माइल डिलीवरी स्टेशन हो गए हैं। हाल ही में अमेजन ने अपने ऑपरेशंस नेटवर्क का बड़ा विस्तार भी किया है, जिसके तहत 12 नए फुलफिलमेंट सेंटर्स और 6 नए सॉर्ट सेंटर्स शुरू किए गए हैं। इससे 8.6 मिलियन क्यूबिक फीट स्टोरेज क्षमता और 5 लाख वर्ग फीट सॉर्टेशन एरिया जुड़ा है।

कंपनी ने देशभर में अपने ऑपरेशंस नेटवर्क को और मजबूत बनाने तथा ग्राहकों के ऑर्डर समय पर और भरोसेमंद तरीके से डिलीवर करने के लिए 1,50,000 से अधिक मौसमी रोजगार के अवसर भी तैयार किए हैं। अमेजन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी - ऑपरेशंस अभिनव सिंह ने कहा, अमेजन में हमारा निरंतर लक्ष्य हर भारतीय तक सबसे व्यापक चयन को सबसे तेज गति से पहुंचाना है। आज हम पहले से कहीं अधिक तेज हैं। पिछले वर्ष की तुलना में हम पहले ही 50% अधिक शहरों में उसी दिन डिलीवरी और दोगुने स्थानों पर अगले दिन की डिलीवरी कर रहे हैं। 45 नए डिलीवरी स्टेशनों की शुरुआत हमें टियर II और टियर III शहरों में रहने वालों सहित देशभर के ग्राहकों तक और भी तेजी और भरोसेमंद तरीके से ख़ुशियां पहुंचाने में सक्षम बनाती है। इस त्योहारी सीजन में 17 लाख से अधिक विक्रेता अपने प्रोडक्ट्सAmazon.in पर ला रहे हैं। इसके साथ ही विक्रेता लॉन्चपैड, कारीगर, लोकल शॉप्स और सहेली जैसे विशेष कार्यक्रमों के तहत कई रोमांचक नए लॉन्च भी पेश करेंगे। अमेजन अपने सिस्टम को नए जीएसटी कोड्स के अनुसार अपडेट कर रहा है, जिससे विक्रेताओं को नए टैक्स ढांचे में आसानी से बदलाव करने और सरकारी नियमों के मुताबिक ग्राहकों तक इसके लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। हाल ही में कंपनी ने फ़ैशन, ब्यूटी, होम अप्लायंसेज और हेल्थकेयर जैसी तेजी से बिकने वाली कैटेगरीज में अपने रेफ़रल फ़ीस को कम किया है। इसके अलावा विक्रेताओं के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं, जिनमें एआई-सक्षम टूल्स, समृद्धि डैशबोर्ड शामिल है, जो वार्षिक प्रदर्शन का विस्तृत आकलन, प्रोडक्ट-स्तर पर इन्वेंटरी सुझाव और रणनीतिक योजना के टूल्स एक ही सहज इंटरफ़ेस में उपलब्ध कराता है।

इस त्योहारी सीजन में ग्राहक Amazon.in पर नई जनरेटिव एआई क्षमताओं का उपयोग करके अपनी खरीदारी को और आसान और सुविधाजनक बना सकेंगे। रुफ़स एआई, अमेजन के एआई-सक्षम शॉपिंग असिस्टेंट के साथ ग्राहक प्रोडक्ट तुलना, त्वरित उत्तर, कीमत की हिस्ट्री, प्रोडक्ट के सारांश वीडियो, व्यक्तिगत सिफारिशें और बहुत कुछ का लाभ ले सकेंगे। नए लेंस एआई के साथ, ग्राहकों को सिर्फ़ एक फोटो लेनी होगी — चाहे वह किसी दोस्त का पहनावा हो, सोशल मीडिया पर देखा गया कोई सामान हो या किसी लोकल स्टोर में दिखा प्रोडक्ट — और अमेजन उनकी मदद करके उसे तुरंतAmazon.in पर ढूंढ देगा। एआई रिव्यू हाइलाइट्स की मदद से हजारों रिव्यू में से मुख्य बातें कुछ ही सेकंड में समझना आसान हो जाएगा। वहीं क्विक लर्न और बायिंग गाइड्स की मदद से लैपटॉप, अप्लायंसेज या स्मार्टफोन जैसी कैटेगरीज में जटिल स्पेसिफिकेशन्स को सरल बनाया जाएगा, जिससे शॉपिंग का फ़ैसला लेना और भी आसान व तनावमुक्त होगा। इस अमेजन ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल में ग्राहक Amazon.in पर रोमांचक ऑफ़र्स, बचत और सुविधाजनक पेमेंट सॉल्यूशन्स का लाभ उठा सकेंगे। अमेजन पे लेटर पर शॉपिंग, रीचार्ज, बिल भुगतान और ट्रैवल बुकिंग के लिए 60,000 रुपये तक का इंस्टेंट क्रेडिट उपलब्ध होगा।

### आईसीआरए की रिपोर्ट में दावा

# अमेरिकी टैरिफ से कपड़ों के निर्यात में नौ फीसदी तक आ सकती है गिरावट

नई दिल्ली।

अमेरिकी टैरिफ से वित्त वर्ष 2026 में परिधान निर्यात में छह से नौ प्रतिशत की कमी आने की संभावना है। आईसीआरए की रिपोर्ट में दावा किया गया है। रिपोर्ट में भारत के परिधान निर्यात परिदृश्य को स्थिर से संशोधित कर नकारात्मक कर दिया है।

### निर्यात में कमी से परिचालन मार्जिन पर दबाव बढ़ने की संभावना

आईसीआरए ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में निर्यात में कमी और अनुबंध उद्योग के परिचालन मार्जिन पर मूल्य निर्धारण का दबाव 200-300 आधार अंकों तक बढ़ सकता है। अमेरिकी बाजार पर अधिक ध्यान केंद्रित करने वाली संस्थाओं पर इसका प्रभाव अधिक हो सकता है।

### वित्त वर्ष 2026 में राजस्व में छह से नौ प्रतिशत की गिरावट की आशंका

रिपोर्ट के अनुसार अगर हाल ही में लगाए गए टैरिफ जारी रहते हैं, तो यूके के साथ मुक्त व्यापार समझौते से समर्थन और अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में आपूर्ति को मोड़ने के बावजूद, वित्त वर्ष 2026 में परिधान निर्यातकों का राजस्व 6-9 प्रतिशत तक गिर सकता है।

### परिचालन लाभ मार्जिन घटकर 7.5 प्रतिशत रह जाएगा

एजेंसी ने यह भी अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2025 में परिचालन लाभ मार्जिन 10 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2026 में लगभग 7.5 प्रतिशत रह जाएगा। इसमें कहा गया कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में कमजोर परिचालन प्रदर्शन से परिचालन क्षमता कम होने की उम्मीद है।

**अमेरिकी परिधान बाजार में भारत की हिस्सेदारी :** कम आय और अधिक कार्यशील पूंजी निर्भरता के कारण, ऋण मीट्रिक में भी नरमी



आने की संभावना है। आईसीआरए ने यह भी कहा कि अमेरिकी परिधान आयात बाजार में भारत की वर्तमान में मामूली 6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। निर्यातकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी बाजार स्थिति बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करें, क्योंकि हिस्सेदारी खोने से सुधार मुश्किल हो सकता है। टैरिफ का प्रभाव उत्पाद श्रेणियों के आधार पर अलग-अलग होगा। कुछ के लिए, विनिर्माण क्षमताओं में अंतर और क्षमता निर्माण में लगने वाले समय के कारण, अमेरिकी ऑर्डरों को कम टैरिफ वाले देशों में तुरंत स्थानांतरित करना संभव नहीं हो सकता है।

### पिछले पांच वर्षों भारत का परिधान निर्यात रहा स्थिर

स्थिर मुद्रा के संदर्भ में, पिछले पांच वर्षों में भारत का परिधान निर्यात मोटे तौर पर स्थिर रहा है। इसका कारण प्रमुख बाजारों में मांग में कमी और बांग्लादेश व वियतनाम की ओर स्रोत का स्थानांतरण है। इससे ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से निर्यात में कमी आई है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात, जो भारत के कुल निर्यात का लगभग एक तिहाई है, इसी अवधि में 4.8 प्रतिशत बढ़ा, क्योंकि भारतीय निर्यातकों ने अमेरिकी बाजार में मात्रा वृद्धि का लक्ष्य रखा था।

# महंगाई में नरमी से सालाना आधार पर अगस्त में सस्ती हुई थाली

नई दिल्ली।

घर में पकाए गए शाकाहारी और मांसाहारी थालियों की लागत अगस्त में सालाना आधार पर क्रमश 7% और 8% की कमी आई। क्रिसिल इंटेलिजेंस की ताजा रोटी राइस रिपोर्ट (आरआरआर) में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की लागत में गिरावट प्याज, आलू और दालों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण हुई। वहीं आलू और प्याज की कीमतें क्रमशः 31% और 37% की सालाना दर से कमी आई।

**आलू-प्याज के उत्पादन में इजाफे से कीमतों में नरमी की उम्मीद :** रिपोर्ट में आलू के उत्पादन की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा गया कि एक साल पहले आलू का उत्पादन ब्लाइट इन्फेक्शन और मौसम में बदलाव के कारण 5-7% घट गया था। इससे कीमतों में इजाफा हो गया था। इस वर्ष उत्पादन में 3-5% की वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार प्याज के सालाना उत्पादन में 18-20% का इजाफा होने के कारण इस वर्ष कीमतों में गिरावट आई है।

**दालों की कीमतों में सालाना आधार पर 14% की गिरावट :** दालों की कीमतों में साल-दर-साल 14% की गिरावट आई। ऐसा पिछले साल की तुलना में अधिक उत्पादन और स्टॉक का स्तर बढ़ने के कारण संभव हुआ। त्योहारी सीजन की शुरुआत में ज्यादा मांग के कारण वनस्पति तेल की कीमतों में साल-दर-साल 24% की वृद्धि हुई। हालांकि एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में सालाना आधार पर 6% की वृद्धि हुई। क्रिसिल ने तर्क दिया कि इसके



कारण थालियों की कुल लागत में गिरावट को सीमित कर दिया।

**आलू, दाल और सब्जियों की कीमतों में कमी से मिली राहत :** मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में साल-दर-साल 10% की गिरावट के कारण आई। जो इसकी लागत का लगभग 50% है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, सब्जियों और दालों की कम कीमतों से भी इससे मदद मिली। हालांकि, मासिक आधार पर बात करतें तो अगस्त में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की कीमतों में क्रमशः 4% और 2% की वृद्धि हुई।

**ब्रॉयलर की आपूर्ति अधिक रहने से मांसाहारी थाली भी सस्ती :** रिपोर्ट में दावा किया गया कि साहारी थाली की कीमतों में वृद्धि सीमित रही क्योंकि सावन खत्म होने के बाद मांग में वृद्धि के बावजूद ब्रॉयलर की अधिक आपूर्ति बनी रही। इससे महीने-दर-महीने आधार पर कीमतों में स्थिरता दिखी।


# उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 76 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार

नई दिल्ली।

अमेरिकी फेड की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। कारोबार के अंतिम घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक या 0.09 प्रतिशत उछलकर 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, तेल और निजी बैंक शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और बाद में 460.62 अंक या 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,171.38 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटी और एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली ने अंत में बढ़त को कम कर दिया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज़्यादा 3.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.96 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मारुति, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं ट्रेंट में 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई। एशियन




पेंट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड और सन फार्मा भी गिरावट में रहे।

### अंतिम घंटे में निवेशकों ने की मुनाफावसूली

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख पाया क्योंकि सत्र के आखिर में हुई बिकवाली ने गिरावट पर खरीदारी, तेजी पर बिक्री की प्रचलित रणनीति को प्रतिबिंबित किया। इससे निवेशक सतर्क दिखे। जीएसटी दरों में कटौती के बाद मांग में सुधार की उम्मीद में ऑटो और सहायक कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी रही, जबकि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में नौकरियों के नरम आंकड़ों से सितंबर में फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बाद वैश्विक स्तर पर धारणा में सुधार हुआ है।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

### कमजोर अमेरिकी रोजगार आंकड़ों ने डाला असर

अगस्त की गैर-कृषि वेतन रिपोर्ट से पता चला कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में केवल 22,000 नौकरियां जुड़ीं। वहीं बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई। इस नरम श्रम आंकड़ों ने अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को मजबूत किया है।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 66.73 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.88 प्रतिशत बढ़कर 66.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,304.91 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,821.23 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 7.25 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.76 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 6.70 अंक या 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,741 पर बंद हुआ।

## ऑडी ने 7.8 लाख रुपये तक घटाये वाहनों के दाम, नई कीमतें 22 सितंबर से होगीं लागू



नई दिल्ली।


जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने सोमवार को भारत में अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक कटौती का ऐलान किया है। नई कीमतें नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू होगीं। ऑडी इंडिया ने एक बयान में कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव के बाद उसने अपने सभी उत्पाद पोर्टफोलियो की कीमतों में संशोधन किया है, ताकि ऑटोमोबाइल पर जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके। अब ग्राहकों को मॉडल के आधार पर 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा। कंपनी के मुताबिक नई कीमतों के तहत कंपनी की एंट्री-लेवल एसयूवी क्यू3 की शुरुआती कीमत 43.07 लाख रुपये हो जाएगी, जो पहले 46.14 लाख रुपये थी। इसी तरह टॉप-एंड एसयूवी क्यू8 की शुरुआती कीमत 1.18 करोड़ रुपये से घटकर अब 1.1 करोड़ रुपये हो जाएगी। इसके अलावा एसयूवी क्यू5 और क्यू7 जैसे अन्य मॉडलों के साथ-साथ सेडान ए4 और ए6 की कीमतों में भी कमी की गई है। कंपनी ने कहा कि संशोधित कीमतें लागू होने के बाद ऑडी की लक्जरी कारों और एसयूवी रेंज को और अधिक सुलभ बनाएगी, जिससे त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों की मांग में तेजी आएगी। ग्राहक अपनी पसंदीदा कार की सटीक कीमत जानने के लिए ऑडी इंडिया के नजदीकी डीलरशिप पर जा सकते हैं या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# क्लीन कोर थोरियम एनर्जी को 10 सीएफआर पार्ट 810 लाइसेंस मिला, अमेरिका-भारत सिविल न्यूक्लियर साझेदारी को बढ़ावा

### अमेरिका-भारत सिविल न्यूक्लियर सहयोग में नया अध्याय : अमेरिकी सरकार ने भारत के लिए थोरियम-आधारित ANEEL फ्यूल की तैनाती हेतु ऐतिहासिक 10 CFR Part 810 ऑथराइजेशन जारी किया

शिकागो, इलिनॉय, संयुक्त राज्य अमेरिका

क्लीन कोर थोरियम एनर्जी (क्लीन कोर थोरियम एनर्जी) ने घोषणा की है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के ऊर्जा विभाग और राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रशासन ने भारत को अपनी ANEEL फ्यूल टेक्नोलॉजी और सेवाओं के निर्यात के लिए 10 CFR Part 810 ऑथराइजेशन (विशिष्ट लाइसेंस) प्रदान किया है। ऊर्जा सचिव क्रिस राइट द्वारा हस्ताक्षरित इस विशिष्ट लाइसेंस में भारत के प्रमुख परमाणु उद्योग के अंतिम-उपयोगकर्ताओं जिनमें परमाणु ऊर्जा विभाग, भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड से आश्वासन भी शामिल हैं। क्लीन कोर थोरियम एनर्जी ने एक थोरियम-संवर्धित यूरेनियम फ्यूल (जिसे ANEEL फ्यूल कहा जाता है) को डिज़ाइन और पेटेंट किया है, जिसे मौजूदा प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर में प्लग-एंड-प्ले किया जा सकता है। इससे काफी अधिक बर्नअप, कम अपशिष्ट, कम लागत, बेहतर सुरक्षा और प्रसार-प्रतिरोधी प्रदर्शन प्राप्त होता है। यह निर्यात लाइसेंस एक बड़ी उपलब्धि है, जो क्लीन कोर थोरियम एनर्जी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत में अपनी परमाणु



टेक्नोलॉजी का निर्यात करने के लिए अधिकृत करता है। यह भारत में ANEEL फ्यूल की मांग को भी प्रमाणित करता है, अमेरिकी HALEU उद्योग को मजबूत करता है, और निकट भविष्य में अमेरिका-भारत परमाणु सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। सी.सी.टी.ई. के सीईओ और संस्थापक, मेहुल शाह ने व्यापक प्रभावों पर जोर देते हुए कहा, पार्ट 810 लाइसेंस की मंजूरी ने ए.एन.ई.ई.एल. फ्यूल की पूरी क्षमता को उजागर किया है और अमेरिका-भारत 123 समझौते को फिर से सक्रिय किया है, जो रणनीतिक परमाणु सहयोग में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इस सफलता को संभव बनाने के लिए हम अमेरिकी और भारतीय प्रतिष्ठानों की दूरदर्शिता और समर्थन के लिए गहराई से आभारी हैं। अपने मूल में थोरियम के साथ, ए.एन.ई.ई.एल. फ्यूल बेहतर प्रदर्शन और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे दुनिया के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य सुनिश्चित होता है। यह उपलब्धि यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम जैसे प्रमुख संगठनों द्वारा अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में भी मानी गई है। यूएसआइएसपीएफ के अध्यक्ष और सीईओ मुकेश अघी ने कहा, अमेरिका-भारत ऊर्जा साझेदारी हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ है, और क्लीन कोर थोरियम एनर्जी के 10 CFR Part 810 लाइसेंस की मंजूरी अमेरिका-भारत सिविल न्यूक्लियर सहयोग में एक ऐतिहासिक कदम है। यह मील का पत्थर न केवल द्विपक्षीय विश्वास को मजबूत करता है बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे अमेरिकी इनोवेशन और भारतीय विशेषज्ञता, ऊर्जा सुरक्षा और अप्रसार लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दुनिया की बढ़ती मांग को पूरा कर सकते हैं। अगस्त 2025 में, क्लीन कोर थोरियम एनर्जी ने घोषणा की कि चार रॉडलेट का दूसरा सेट 45 GWd/MTU से अधिक हो गया है, जो PHWRs/CANDUs में उपयोग किए जाने वाले मानक प्राकृतिक यूरेनियम ईंधन की औसत बर्नअप सीमा का लगभग छह से सात गुना है। इडाहो नेशनल लैब के एडवांस्ड टेस्ट रिएक्टर में हासिल की गई यह मील का पत्थर बर्नअप उपलब्धि परमाणु उद्योग में प्रदर्शन और स्थिरता के मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए,हश्वश्वरुफ्यूल की क्षमता के लिए तकनीकी प्रमाणीकरण प्रदान करती है। भारतीय उद्योग भागीदारों ने इसके फायदों पर प्रकाश डाला। लार्सन एंड टुब्रो के पूर्णकालिक निदेशक और वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष अनिल वी. पराब ने कहा, ANEEL फ्यूल PHWR/CAND टेक्नोलॉजी की प्रतिस्पर्धी स्थिति को बेहतर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है, जबकि साथ ही यह यूरेनियम की तुलना में थोरियम को एक अधिक संभावित स्थायी परमाणु ईंधन स्रोत के रूप में साकार करने में तेजी लाता है। 2024 में, क्लीन कोर थोरियम एनर्जी ने प्रमुख भारतीय निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के भागीदारों, जिनमें लार्सन एंड टुब्रो और नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन शामिल हैं, के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसने उन्नत परमाणु टेक्नोलॉजी की तैनाती में सहयोग के लिए एक मजबूत नींव को और भी मजबूत किया।

क्लीन कोर थोरियम एनर्जी की योजना आगामी महीनों में ANEEL फ्यूल के व्यावसायीकरण के लिए भारतीय भागीदारों के साथ तकनीकी सहयोग और वाणिज्यिक अनुबंधों को और आगे बढ़ाने की है।

**क्लीन कोर थोरियम एनर्जी के बारे में :** क्लीन कोर थोरियम एनर्जी एक अमेरिकी परमाणु इनोवेशन कंपनी है जो थोरियम और HALEU का उपयोग करके उन्नत परमाणु ईंधन समाधान विकसित कर रही है। इसका पेटेंटेड ANEEL™ ईंधन PHWRs और CAND रिएक्टरों की सुरक्षा, आर्थिक और अप्रसार प्रोफाइल को बेहतर बनाने के साथ-साथ परमाणु अपशिष्ट को भी काफी कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

## E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )

62629 04444

ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेफीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग मुद्रापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विनेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# हसदेव नदी संरक्षण के लिए हुई भव्य आरती

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

कोरबा जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली हसदेव नदी के संरक्षण और तट सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से कार्यरत नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला घाट, कोरबा पर 'हसदेव आरती' का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में भाद्रपद पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिनांक 6 सितम्बर 2025 को शाम 5 बजे भव्य हसदेव आरती का आयोजन सम्पन्न हुआ।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा रहा, बल्कि लोगों को नदी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रेरणादायक प्रयास भी बना। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्ति यजमान के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पवित्र मुहिम को और बल प्रदान किया।



## भाद्रपद पूर्णिमा पर माँ सर्वमंगला घाट में जुटे पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी

मुख्य यजमान के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल ने आरती में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म ग्राम तरदा में हुआ है। बचपन में मैं हसदेव नदी में घंटों नहाया करता था और उसका जल पीता भी था। लेकिन आज स्थिति यह है कि हसदेव नदी का जल इतना प्रदूषित हो गया है कि उसे पीना तो दूर, स्नान करना भी संभव नहीं रह गया है। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा नदी को निर्मल बनाने का जो प्रयास किया जा रहा है, उसमें भारतीय मजदूर संघ तन, मन और धन से सहयोग करेगा।

विशिष्ट यजमान के रूप में अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इनमें हेमन्त माहुलीकर (प्रदेश महामंत्री, संस्कार भारती, छत्तीसगढ़), नरेश कुमार अग्रवाल (प्रदेश सचिव, भारत विकास परिषद, छत्तीसगढ़), सु जया मिश्रा (प्रदेश प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति, छत्तीसगढ़) और सु ऋतु चौरसिया (प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़) प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

समिति ने स्पष्ट किया कि आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि हसदेव नदी और अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने तथा जनमानस में जल संरक्षण की चेतना जगाने का प्रयास है।मुख्य यजमान के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल ने आरती में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म ग्राम तरदा में हुआ है। बचपन में मैं हसदेव नदी में घंटों नहाया करता था और उसका जल पीता भी था। लेकिन आज स्थिति यह है कि हसदेव नदी का जल इतना प्रदूषित हो गया है कि उसे पीना तो दूर, स्नान करना भी संभव नहीं रह गया है।

# क्यूआर कोड से मनरेगा कार्यों की निगरानी के साथ 03 वर्षों के कार्यों की मिलेगी जानकारी

**मुंगेली, , प्रतिदिन राजधानी**

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मुंगेली ने नई पहल की है। जिले की सभी 367 ग्राम पंचायत भवनों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं।

इन क्यूआर कोड्स को किसी भी आमजन द्वारा अपने मोबाइल से स्कैन करने पर संबंधित ग्राम पंचायत में पिछले 03 वर्षों में हुए मनरेगा कार्यों की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। इसमें स्वीकृत कार्यों की संख्या, पूरा हुए कार्य, जारी भुगतान की स्थिति और भौतिक प्रगति जैसी अहम जानकारियाँ उपलब्ध होंगी। पारदर्शिता और जवाबदेही की ओर कदम क्यूआर कोड व्यवस्था से ग्रामीण अब सीधे मनरेगा कार्यों की प्रगति देख पाएंगे। इससे अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय होगी और कार्यों में पारदर्शिता आएगी।




कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने बताया कि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी के लिए आयुक्त मनरेगा के द्वारा दिए गये निर्देश में क्यूआर कोड लगाये जाने की शुरुवात किया गया है जिसके तहत जिले के 367 ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में क्यूआर कोड लगाये जा चुके है. इस पहल ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी देने और योजनाओं में उनकी सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए की गई है। जो राज्य सरकार की ''पारदर्शी शासन-जनभागीदारी'' की सोच को आगे बढ़ाता है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत अथवा शासकीय भवनों में क्यूआर कोड्स लगवाए जा रहे हैं, इन क्यूआर कोड्स को मोबाइल से स्कैन करके एक क्लिक में मनरेगा कार्यों की 03 वर्षों की जानकारी स्वीकृत और पूर्ण कार्यों की सूची, भुगतान की स्थिति, पंचायत के विकास कार्यों का जानकारी ग्रामीण ले सकेंगे। इस पहल से न केवल कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि ग्रामीण अपने पंचायत में हुए विकास कार्यों से अवगत रहेंगे और किसी भी गड़बड़ी की सूचना भी सीधे जिला प्रशासन तक पहुँचा सकेंगे।






# एसईसीएल ने नर्सिंग कॉलेज बिलासपुर को दीं 2 नई

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, बिलासपुर को 2 नई बसें प्रदान की हैं। इन बसों को आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## केंद्रीय मंत्री साहू ने दिखाई हरी झंडी

उद्घाटन समारोह में मंत्री साहू ने एसईसीएल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नर्सिंग जैसे सेवा-आधारित क्षेत्र में पढ़ाई करने वाली छात्राओं को हर संभव सुविधा देना जरूरी है। एसईसीएल की ओर से दी गई ये बसें न केवल छात्राओं के सुरक्षित आवागमन को आसान बनाएंगी, बल्कि उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता और निरंतरता भी सुनिश्चित करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का स्वागत किया।

एसईसीएल लगातार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सीएसआर के माध्यम से योगदान देता आ रहा है और नर्सिंग महाविद्यालय को बसें उपलब्ध कराना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर सीएम वर्मा, महाप्रबंधक (सीएसआर) एसईसीएल मुख्यालय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएसआर विभाग के अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शराब में मिलावट, दुकान के नौ कर्मचारी पर मामला दर्ज

**बेमेतरा,** नवागढ़ कम्पोजिट मदिरा दुकान में रविवार को राज्य स्तरीय उड़न दस्ता टीम ने दबिश दी और मौके से सात पेटी देशी प्लेन 336 पाव शराब की जांच की। मानक के विपरीत पाए जाने पर दुकान के सभी नौ कर्मचारी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 38 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विभाग जांच कर रही है। नवागढ़ में मिलावटी शराब की खेप आबकारी विभाग द्वारा पकड़े जाने पर पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे ने कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच हो। लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाना चिंताजनक है। राज्य सरकार तत्काल प्रभाव से जिला आबकारी अधिकारी एवं उप निरीक्षक को निलंबित करे।

# बेलतरा में बनेंगे गौरव पथ डेम और महतारी सदन

## विधायक की पहल से 20 करोड़ के कार्य स्वीकृत

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बेलतरा विधानसभा में विधायक सुशांत शुक्ला की सक्रियता से एक बार फिर लगभग 20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को छत्तीसगढ़ शासन से मंजूरी मिली है। इनमें सड़क, गौरव पथ, जलाशयों एवं एनीकट की मरम्मत और महतारी सदन जैसे जनहित से जुड़े कार्य शामिल हैं।

विधायक शुक्ला की अनुशंसा पर जल संसाधन विभाग ने अकलतरी जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए 288.56 लाख और लखराम एनीकट मरम्मत के लिए 223.55 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इन कार्यों से किसानों की फसलों को पर्याप्त सिंचाई और ग्रामीणों को निस्तारी जल की सुविधा मिलेगी।

महिलाओं के लिए ग्राम पंचायत गोदईया और नेवसा में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण होगा। वहीं ग्राम पंचायत लगरा में 50 लाख रुपये से गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा, जिसमें नालियों की भी व्यवस्था होगी। शासन ने भरदईया डीह से कलमीटार मार्ग हेतु 289 लाख, सीपत-बाड़ी मार्ग के लिए 132.36 लाख और बेलतरा-भदरा-भांठा मार्ग हेतु 272.25 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं।

इसी तरह नगरोत्थान योजना के अंतर्गत मोपका चौक से छठघाट तक सड़क चौड़ीकरण और विद्युतीकरण के लिए 525.93 लाख तथा बिलासपुर नगर निगम जोन क्रमांक 07 में सीसी रोड निर्माण के लिए 169.52 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बेलतरा विधानसभा के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य हो रहा है।

# चरित्र संदेह में पत्नी की हत्या नस काटकर खुद को किया घायल

**जांजगीर-चांपा, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से चाकू मार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने अपनी हाथ की नस भी काट ली। बताया जा रहा है कि पति को पत्नी के चरित्र पर शक था, इसी शक ने जानलेवा रूप ले लिया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम गायत्री देवांगन (35 वर्ष) है, जबकि आरोपी पति का नाम जगदीश देवांगन (36 वर्ष) है। दोनों की यह दूसरी शादी थी। दोनों पति-पत्नी शारदा मंगलम के पीछे किराए के मकान में रहते थे।

## दोनों ने की थी दूसरी शादी

बताया जाता है कि शराब के नशे में धुत्त जगदीश अक्सर पत्नी के चरित्र पर शक करता था और आए दिन विवाद होता था। रविवार दोपहर भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और गुस्से में आकर उसने चाकू से हमला कर दिया। सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और गायत्री जमीन पर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने अपनी नस भी काट ली। जानकारी होने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर पति-पत्नी खून से लथपथ मिले। घर के अंदर खून बिखरा पड़ा था और महिला के शरीर पर कई जगह गहरे घाव थे। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने पर गायत्री ने पुलिस को बताया कि उसके पति ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला किया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गायत्री को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पति की हालत नाजुक है, काफी खून बह जाने से उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हालत सुधरने पर उससे पूछताछ की जाएगी। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर शिकंजा

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

उच्च न्यायालय की गाइडलाइन और प्रशासन के निर्देशों के बावजूद देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 15 के तहत शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल तीन एफआईआर दर्ज कीं और कई डीजे सेटअप वाहनों समेत जब्त किए। सरकंडा पुलिस ने जबड़ापारा इलाके में तेज ध्वनि पर डीजे बजाने पर माजदा वाहन समेत डीजे साउंड सिस्टम जब्त किया। आरोपी विकास यादव निवासी गोड़पारा तिफरा और संचालक शंकरलाल निषाद के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। सिविल लाइन पुलिस ने छोटा हाथी वाहन में लगे डीजे साउंड सिस्टम को जप्त किया।

# गवाही संदिग्ध, हाईकोर्ट ने महिला की हत्या के मामले में 3 को बरी किया

## दस साल पुरानी घटना, आरोपियों को जेल से रिहा करने का आदेश

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक हत्या के मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए तीन लोगों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयान अविश्वसनीय हैं। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की बेंच ने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब गवाहों का व्यवहार संदिग्ध हो और उन पर भरोसा न हो, तो उनके बयानों के आधार पर दोषसिद्धि नहीं की जा सकती। हाई कोर्ट ने कोरिया जिले के बैकुंठपुर सत्र न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ दायर दो अपीलों को स्वीकार किया। निचली अदालत ने तीनों आरोपियों को हत्या (आईपीसी की धारा 302 और 120-बी) के लिए उम्रकैद और सबूत नष्ट करने (धारा 201) के लिए सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 2 मार्च 2015 को कोरिया जिले के अमरपुर गांव से एक महिला लापता हो गई। 7 मार्च 2015 को घुटरी पहाड़ी पर एक गड्ढे में उसका शव मिला, जहां एक कुत्ता लगातार भौंक रहा था। शव आंशिक रूप से दबा हुआ था और जानवरों द्वारा खाया गया था। पोस्टमार्टम में मौत का कारण गला दबाने से दम घुटना बताया गया। महिला उस दिन दोपहर में शराब पीकर घर लौटी थी। शाम 6 बजे के करीब, उसके देवर रामदेवन सिंह ने बताया कि वह शराब की तलाश में घर से निकली थी और जल्दी लौटने की बात कहकर गई थी, लेकिन वह रात तक नहीं लौटी। परिवार वालों ने पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने जांच के दौरान तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अभियोजन पक्ष ने दो गवाहों, अमर सिंह और रघुवीर, के बयानों पर भरोसा किया, जिन्होंने दावा किया कि उन्होंने आरोपियों को महिला को पकड़कर ले जाते देखा। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि गवाहों की सात दिन की चुप्पी उनकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाती है। दोनों गवाहों ने क्रॉस-एग्जामिनेशन में स्वीकार किया कि उन्होंने पोस्टमार्टम, अंतिम संस्कार और जांच के दौरान आरोपियों के खिलाफ कुछ नहीं कहा। कोर्ट ने इसे अस्वाभाविक बताया और कहा कि ये गवाह जबरदस्ती पेश किए गए लगते हैं ताकि कमजोर केस को मजबूत किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि शुरुआती एफआईआर और अन्य दस्तावेजों में आरोपियों के नाम नहीं थे, और मामला अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि देरी से दिए गए गवाहों के बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने कहा कि संदिग्ध और अविश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को जेल से रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही, प्रत्येक आरोपी को 25,000 रुपये का निजी मुचलका जमा करने का निर्देश दिया गया।

## नगर सैनिक भर्ती परीक्षादस्तावेज़ सत्यापन 10 सितम्बर तक

**मुंगेली,, प्रतिदिन राजधानी**

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर द्वारा नगर सैनिक भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन 10 सितंबर तक जिला सेनानी कार्यालय में किया जा रहा है। चयनित अभ्यर्थी जिला कार्यालय में उपस्थित होकर मूल दस्तावेज़ों के साथ दो स्वप्रमाणित प्रतियां एवं तीन नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ उपस्थित होना होगा।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 हजार 715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी एवं 500 महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की सामान्य ड्यूटी हेतु हुई भर्ती का परिणाम 08 अगस्त 2025 को जारी किया गया था।



# बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार के लिए फिर शुरू होगा जन जागरण

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**


हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार के मुद्दे पर नए सिरे से जन जागरण अभियान चलाने का फैसला लिया है। समिति ने बताया कि 10 हजार पर्चे छपवाकर शहर के प्रमुख स्थलों पर बांटे जाएंगे और इसमें खासतौर पर छात्रों व युवाओं को आंदोलन से जोड़ा जाएगा।समिति का कहना है कि लगातार मांग और हाईकोर्ट की सख्त हिदायतों के बावजूद छत्तीसगढ़ सरकार अब तक सेना के कब्जे वाली जमीन का मामला नहीं सुलझा पाई है। इस जमीन के बिना एयरपोर्ट का रनवे विस्तार और बड़े विमानों की लैंडिंग संभव नहीं है। वर्तमान में बिलासपुर से केवल अलायंस एयर की सीमित उड़ानें संचालित हो रही हैं। समिति का आरोप है कि केंद्र सरकार की इस कंपनी के कई विमान तकनीकी कारणों से खराब रहते हैं, जिसके चलते पर्याप्त उड़ानें उपलब्ध नहीं हो पातीं। कई बार राज्य सरकार से निजी एयरलाइंस कंपनियों को ओपन टेंडर के माध्यम से सेवा देने के लिए आमंत्रित करने का आग्रह किया गया, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई।

जन जागरण की इस नई मुहिम में पहले चरण में पर्चा वितरण होगा और आगे चलकर बड़ी रैली निकाली जाएगी। इसी बीच समिति का महाधरना रविवार को भी जारी रहा। इसमें रवि बनर्जी, दीपक कश्यप, समीर अहमद बबला, अशोक भंडारी, मजहर खान, प्रकाश बहरानी, महेश दुबे, टाटा अनिल गुलहरे, शिरीष कश्यप, चंद्र प्रकाश जायसवाल, राम बघेल, शेख अल्फाज, संतोष पीपलवा, मोहसिन अली, अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव समेत कई सदस्य शामिल हुए।

# महिला एशिया कप बास्केटबॉल भारतीय टीम में महासमुंद की दिव्या रंगारी भी

**महासमुंद, प्रतिदिन राजधानी**

एफआईबीए अंडर 16 वुमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर तक आयोजित किया जाना है। इसके लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 सितंबर तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित है। जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी का चयन हुआ है। भारतीय टीम में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद भारतीय टीम पीबा अंडर 16 वुमेंस एशिया कप 2025 सेरेम्बन मलेशिया में आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारतीय टीम साउथ एशियन जोन की टीम से शामिल होगी। इसके लिए 12 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी भी शामिल हैं। दिव्या ने इससे पहले अंडर 16 एशिया कप सबा क्वालिफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 15 जून 2025 तक मालदीव में आयोजित किया गया था। जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और एशिया कप 2025 मलेशिया के लिए क्वालीफाई किया तथा भारतीय टीम में महासमुंद छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



दिव्या के चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद के अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर, चेयरमैन गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, पुरन साहू, बादल मक्कड़, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, संतोष कुमार सोनी, किरण महाडीक, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, पिता विनोद रंगारी, माता सपना रंगारी, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, निखिल चंद्राकर,विकास सोनी, आकाश सोनी, योजना रंगारी, तारणी साहू, सौम्या, श्रेया घोष, राइमा दास ने शुभकामनाएं दी है।



## तूफान 'तपाह' से चीन में तबाही: 110 किमी की रफ्तार से चली हवा, 100 उड़ानें प्रभावित; 60000 लोगों को निकाला गया

**गुआंगडोंग।** चीन में उष्णकटिबंधीय तूफान तपाह ने दस्तक दे दी है। जिसके कारण सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। उष्णकटिबंधीय तूफान ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8:50 बजे गुआंगडोंग के ताईशान शहर के तटीय क्षेत्र में टकराया। इसके परिणामस्वरूप शहर के आर्थिक केंद्र के पास अधिकतम निरंतर हवाएं 30 मीटर (98 फीट) प्रति सेकंड तक पहुंच गईं थीं।

### हांगकांग ने भी जारी किया अलर्ट

वहीं, हांगकांग की वेधशाला ने रविवार को ही इस तूफान को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था। वेधशाला ने रविवार रात को तूफान से अलर्ट के लिए आठ नंबर सिग्नल जारी किया था। वेधशाला ने अलर्ट में बताया था कि सुबह 9 बजे तपाह के केंद्र के पास लगभग 68 मील (110 किमी) प्रति घंटे की रफ्तार से लगातार हवाएं चल रही हैं।

### बंद कर दिए गए हैं स्कूल-कॉलेज, उड़ानें भी प्रभावित

तपाह की दस्तक से सबसे ज्यादा प्रभावित दक्षिणी चीन का गुआंगडोंग प्रांत हुआ है। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिए गए हैं। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, हांगकांग के निकट गुआंगडोंग प्रांत के आर्थिक केंद्र ने तूफान से पहले ही कई रेल और नौका सेवाओं को रोक दिया था। रविवार दोपहर तक पूरे क्षेत्र से लगभग 60,000 लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। यहां लगभग 100 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का भी सामना करना पड़ा। इस दौरान कई यात्री हवाईअड्डे पर कुर्सियों पर रात गुजारते दिखे। वहीं, बीजिंग से आ रहा एक एचके एक्सप्रेस की एक फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गई, हालांकि इस हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई।

वहीं, तूफान के कारण तीन लोग घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सरकार को गुआंगडोंग में पेड़ों के गिरने और बाढ़ आने की लगभग 100 से ज़्यादा रिपोर्टें मिलीं, जिसके बाद सैकड़ों लोगों ने अस्थायी केंद्रों में शरण ली है। मकाऊ में भी कुछ हिस्सों में हल्की बाढ़ की खबर है।

## पाकिस्तान में मंत्रियों समेत हजारों लोगों का डेटा लीक, संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन बिक रही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में केंद्रीय मंत्रियों समेत हजारों लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। लीक हुआ डेटा ऑनलाइन बिक्री के लिए भी उपलब्ध है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री के लिए जो डेटा उपलब्ध है, उसमें मोबाइल सिम,



कॉल लॉग, राष्ट्रीय पहचान पत्र और विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल है। जिन लोगों के डेटा लीक हुए हैं, उनमें कई केंद्रीय मंत्री और पार्टियों के प्रवक्ता शामिल हैं।

### ऑनलाइन बिक रहा संवेदनशील डेटा

पाकिस्तान में डेटा लीक की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि जिन वेबसाइट्स से डेटा लीक होने की शिकायत हुई, उनके खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल लोकेशन का डेटा सिर्फ 500 रुपये में ऑनलाइन बिक रहा है। वहीं मोबाइल रिकॉर्ड का डेटा 2000 रुपये और विदेश दौरों की जानकारी पांच हजार रुपये में मिल रही है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनका उत्पीड़न किया जा सकता है।

### पाकिस्तान सरकार ने दिए जांच के आदेश

डेटा लीक को लेकर पाकिस्तान की आम जनता में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि डेटा लीक के लिए लोगों की जवाबदेही तय की जाए और ये पता लगाया जाए कि इस डेटा लीक के पीछे कौन है। पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए 14 सदस्यीय टीम गठित की गई है और जांच समिति दो हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया और आईटी के इस युग में डेटा लीक एक बड़ी समस्या बन गया है। बीते दिनों साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों ने बताया था कि 16 अरब लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया था। इसे इंटरनेट इतिहास की सबसे बड़ी डेटा चोरी बताया जा रहा है।

## एयरपोर्ट पर कस्टम्स की बड़ी कार्रवाई, 13.83 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** मुंबई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों में 13 किलोग्राम से अधिक तस्करी की गई ड्रग्स जब्त की हैं, जिनका अवैध बाजार मूल्य लगभग 13.83 करोड़ रुपये है। सीमा शुल्क विभाग ने प्रतिबंधित सामान की तस्करी के आरोप में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है।

एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, प्रोफाइलिंग के आधार पर, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) मुंबई पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सोमवार को बैंकॉक से आए एक यात्री को रोका।

एक सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा, ₹सामान की जांच के दौरान, सीमा शुल्क अधिकारियों ने 11.83 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) बरामद किया, जिसका अवैध बाजार मूल्य लगभग 11.83 करोड़ रुपये है। यात्री द्वारा ले जाए जा रहे चेक-इन ट्रॉली बैग के अंदर मादक पदार्थ को बड़ी चतुराई से छुपाया गया था।₹ इसके बाद उक्त यात्री को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

# काठमांडू से नेपालगंज तक फैला युवाओं का आक्रोश, प्रदर्शनकारियों ने बताया क्यों और कैसे शुरू हुई हिंसा?

**काठमांडू।** काठमांडू में सोमवार को संसद के बाहर उस समय हालात बिगड़ गए जब सरकार द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करा रहे थे, लेकिन पुलिस ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह कदम न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है बल्कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को दबाने की कोशिश भी है।

प्रदर्शनकारियों ने शुरुआत में शांतिपूर्ण मार्च का आयोजन किया था। वे सोशल मीडिया बहाली और भ्रष्टाचार विरोधी नारे लगा रहे थे। लेकिन जैसे ही भीड़ संसद भवन के करीब पहुंची, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि पुलिस ने नजदीक से गोलियां चलाईं, जिसमें उनके साथी को हाथ और सिर में गोली लगी।

### पुलिस कार्रवाई और बढ़ता तनाव

नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हुए हैं। पुलिस ने संसद गेट पर भीड़ को रोकने के



लिए गोलीबारी और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। भीड़ ने गेट को नुकसान पहुंचाया और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पुतला दहन किया।

### सोशल मीडिया बैन से नाराजगी

नेपाल सरकार ने चार सितंबर से उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया है जो सरकार के साथ पंजीकृत नहीं हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन माध्यमों से फर्जी आईडी, नफरत फैलाने वाली पोस्ट, धोखाधड़ी और फर्जी खबरों का प्रसार हो रहा था। जनता इसे सेंसरशिप और सरकार की तानाशाही मान रही है।

### प्रदर्शन का दायरा बढ़ा

यह विरोध केवल काठमांडू तक सीमित नहीं रहा। झापा, पोखरा, बुटवल, चितवन, नेपालगंज और बिराटनगर में भी युवाओं ने प्रदर्शन किए। जगह-जगह मोटरसाइकिलें जलाई गईं, नगर निगम कार्यालयों के गेट तोड़े गए और सड़कों पर सरकार विरोधी नारे लगे।

### मीडिया और आम जनता की प्रतिक्रिया

स्थानीय मीडिया ने हालात को बेहद गंभीर बताया है। *काठमांडू पोस्ट* और *हिमालयन टाइम्स* ने रिपोर्ट किया कि संसद के भीतर और बाहर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। आम लोगों का कहना है कि यह प्रदर्शन भ्रष्टाचार और बढ़ते दमन के खिलाफ उनकी आवाज है, जिसे सरकार दबाना चाहती है।

## 'फलस्तीन को मान्यता देकर भारी गलती कर रहे कई देश', इस्राइल की चेतावनी- इससे शांति नहीं आएगी

**तेल अवीव।** इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने हाल के समय में कई देशों द्वारा फलस्तीन को मान्यता देने के एलान की कड़ी आलोचना की है। सार ने इसे बड़ी गलती बताया और चेतावनी दी कि ऐसा करने से क्षेत्र में अशांति आ सकती है और इस्राइल को भी एकतरफा तरीके से कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। तेल अवीव में डेनमार्क के विदेश मंत्री के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गिदोन सार ने कहा कि फलस्तीन को इस तरह से मान्यता देने से शांति प्रयासों को नुकसान पहुंचेगा और यह हमास जैसे संगठनों की हिम्मत बढ़ाएगा।

### 'फलस्तीन को एकतरफा मान्यता देकर गलती कर रहे देश'

गिदोन सार ने कहा 'फ्रांस, ब्रिटेन जैसे देश कथित फलस्तीनी देश को मान्यता देने का दबाव बना रहे हैं, लेकिन ये एक भारी गलती है। अगर आप राज्य की मान्यता को शांति से अलग करके देखेंगे तो आप शांति स्थापित करने की कोशिशों को और मुश्किल ही बनाएंगे।' उल्लेखनीय है कि फ्रांस समेत कई देशों ने आगामी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में





फलस्तीन को मान्यता देने का एलान किया है। इस्राइल द्वारा गाजा में की जा रही कार्रवाई के विरोध में यूरोपीय देशों ने यह फैसला किया है।

इस्राइली विदेश मंत्री ने कहा कि कोई भी शांति समझौता द्विपक्षीय ढांचे के तहत किया जाना चाहिए और अभी तक फलस्तीन को जो भी कुछ मिला है, वह द्विपक्षीय बातचीत से ही संभव हुआ है। सार ने कहा कि फलस्तीन को एकतरफा तरीके से देश की मान्यता देना हमास को तोहफा देने जैसा है। हमास ने ही 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमला कर 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था और 252 लोगों को बंधक बना लिया था। इनमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इस हमले के बाद ही इस्राइल ने गाजा में हमले शुरू किए, जो अब तक जारी हैं।

### पश्चिमी देशों को इस्राइल ने किया सावधान

गिदोन सार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एकतरफा तरीके से फलस्तीन को मान्यता दी गई तो इससे क्षेत्र में अशांति और अस्थिरता फैलेगी। साथ ही इससे इस्राइल भी अपनी मर्जी से कदम उठाने को मजबूर होगा और यह पूरे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए भारी गलती होगी। इस्राइल की सरकार ने यूरोपीय देशों से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की।

### 'मृतकों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा हमास'

इस्राइल के विदेश मामलों के महानिदेशक एडेन बार ताल ने दावा किया है कि गाजा में मौतों और घायलों की संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमास का कहना है कि 60 हजार लोग मारे गए हैं, लेकिन ये आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए हैं। हमें इसका पता कैसे चला? क्योंकि हमास की सूची में चार-चार बार एक ही मृतक का नाम देखा गया है। उन्होंने कहा कि खुफिया रिपोर्ट्स के आधार पर हमारा मानना है कि हमास के 15-20 हजार उग्रवादी मारे गए हैं और नागरिकों का आंकड़ा काफी कम है।

फ्रांस के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीन को अलग देश की मान्यता देने का एलान किया है। हाल ही में बेल्जियम ने भी ये घोषणा कर दी।

## हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से 3 युवकों की दर्दनाक मौत, 5 मजदूर घायल



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के कलान और तिलहर क्षेत्रों में सोमवार को हुए दो अलग-अलग हादसों में बिजली का करंट लगने से तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य मजदूर घायल हो गए। ये हादसे हाईटेंशन बिजली लाइनों की चपेट में आने से हुए।

### हैंडपंप ठीक करते समय हादसा

कलान के तिलौआ गांव में सोमवार सुबह एक दुखद घटना में हैंडपंप ठीक करते समय बिजली का करंट लगने से दो युवकों की जान चली गई। यह हादसा तब हुआ जब तिलौआ गांव निवासी सत्यवीर (36) और उनके मित्र कमलदेव सिंह (38), जो बाराखुर्द गांव के रहने वाले थे, सत्यवीर के घर के सामने हैंडपंप की मरम्मत कर रहे थे।

हैंडपंप से लोहे की सरिया बाहर निकालते समय वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गई।

करंट लगते ही दोनों युवकों के शरीर में आग लग गई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कमलदेव अविवाहित थे, जबकि सत्यवीर अपने पीछे पत्नी आरती और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। इस हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

### तिलहर: मिक्सर मशीन में आया करंट

इसी तरह की एक और घटना तिलहर क्षेत्र में हुई, जहां एक मिक्सर मशीन में करंट आने से एक युवक की मौत हो गई और पांच मजदूर घायल हो गए।

## उत्तर प्रदेश में घरेलू हिंसा का मामला, भाजपा सांसद की बहन ने दर्ज कराई FIR

**फर्रुखाबाद।** रविवार को फर्रुखाबाद में भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की बहन को उसके ससुराल वालों ने सरेआम पीटा। यह हमला कैमरे में कैद हो गया और अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि जब वह खुद को बचाने की कोशिश कर रही थी, तो उसके ससुर उसे बार-बार डंडे से मार रहे थे।

पीड़िता रीना सिंह ने अपने ससुर लक्ष्मण सिंह और देवरों राजेश और गिरीश पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। उसने दावा किया कि हिंसा तब शुरू हुई जब उसके ससुर और गिरीश ने उसे नहाते समय वीडियो बनाने की कोशिश की। विरोध करने पर, उसने कहा, उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और हमला किया गया। उसकी शिकायत के अनुसार, लक्ष्मण सिंह ने अपनी लाइसेंसी राइफल निकाली, उसे गोली मारने की धमकी दी और फिर डंडे से उस पर हमला किया।

राजेश ने कथित तौर पर चाकू से उसका हाथ काट दिया, जबकि गिरीश ने उसे लोहे की रॉड से मारा। रीना ने कहा कि वह किसी तरह सड़क पर भागने में कामयाब रही, लेकिन पड़ोसियों के सामने उसके ससुर ने उसे फिर से पीटा। वीडियो क्लिप में दिख रहा है कि लक्ष्मण सिंह कुछ ही सेकंड में उस पर लाठियाँ बरसा रहा है और उसके दोनों भाई भी उसमें शामिल हो गए हैं। पड़ोसियों ने आखिरकार बीच-बचाव करके उसे बचाया। सहावर थाने के थाना प्रभारी चमन गोस्वामी ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा, 'मामले की जाँच की जा रही है और कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।'

सांसद मुकेश राजपूत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए डीजीपी को फोन करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने नहाते समय उसका वीडियो बनाने की कोशिश की और फिर सड़क पर उसकी पिटाई की। मेरे हस्तक्षेप करने तक पुलिस ने कार्रवाई में देरी की।' रीना ने आरोप लगाया है कि उसके ससुराल वाले उसे सालों से परेशान कर रहे हैं और उसे और उसकी बेटियों को घर से निकालने की धमकी दे रहे हैं।

## 'रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही', भारत पर ट्रंप के मनमाने टैरिफ को जेलेंस्की का समर्थन

**कीव।** 6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा, 'रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है।'

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता



को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं। उन्होंने कहा, 'रूस और उससे जुड़े व्यक्तियों पर सख्त प्रतिबंध, टैरिफ और व्यापार पर रोक लगनी चाहिए। रूस को आर्थिक रूप से नुकसान महसूस होना चाहिए, तभी दुनिया को असली नतीजे दिखाई देंगे।'

इसी बीच रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 800 से ज्यादा ड्रोन और 13 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें 4 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं। इसके कारण राजधानी कीव में 11 घंटे तक लगातार एयर-रेड सायरन बजते रहे। वहीं इस हमले में कई आवासीय इमारतों पर ड्रोन हमले हुए, जिनमें एक बच्चे समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स की इमारत पर हमला हुआ, जिससे ऊपरी मंजिलों पर भीषण आग लग गई। शुरुआती रिपोर्टों में दावा किया गया कि कुछ ड्रोन बेलारूस की दिशा से यूक्रेन में दाखिल हुए।

इस हमले के बाद जेलेंस्की ने कहा कि बचाव दल लगातार राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमला दिखाता है कि पुतिन दुनिया की सहनशीलता को परख रहे हैं।

इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए कि वे रूस पर नए प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे सीधे व्लादिमीर पुतिन को निशाना बनाएंगे, तो ट्रंप ने जवाब दिया, हां... मैं तैयार हूं।

# यरुशलम में फलस्तीनी हमलावरों ने बस पर चलाईं अंधाधुंध गोलियां, छह की मौत, कई अन्य घायल

**तेल अवीव।** इस्राइली शहर यरुशलम में दो हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर छह लोगों की जान ले ली। जवाबी कार्रवाई में दोनों हमलावर ढेर हो गए हैं। इस्राइली पैरामेडिक सेवा के प्रमुख मैगन डेविड एडोम के अनुसार, सोमवार सुबह यरुशलम में हुई गोलीबारी में कम से कम 15 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शुरू होने के तुरंत बाद दोनों हमलावरों को ढेर कर दिया गया।

### यरुशलम में यहूदी बस्ती की तरफ जाने वाले रास्ते पर हुई गोलीबारी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यरुशलम के उत्तरी प्रवेश द्वार पर यहूदी बस्ती की तरफ जाने वाली सड़क के प्रमुख रामोट चौराहे पर गोलीबारी की घटना हुई। हमलावरों यात्रियों से भरी बस पर सवार हुए और लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस्राइली मीडिया के अनुसार, दोनों हमलावरों की




पहचान हो गई है। दोनों फलस्तीन में वेस्ट बैंक के रामल्ला के नजदीक स्थित एक गांव के निवासी थे। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हमलावर हमले वाली जगह कैसे पहुंचे और किसने उनकी मदद की।

इस्राइली मीडिया के अनुसार, हमलावरों को ढेर करने वाला व्यक्ति एक ऑफ ड्यूटी सैनिक है, जो इस्राइली सेना की एक ब्रिगेड का स्कवॉड कमांडर है। वहीं एक अन्य नागरिक ने भी हमलावरों पर गोली चलाई। इसके बाद इस्राइली नागरिकों को हथियार देने की मांग फिर से उठ गई है। हमास ने हमलावरों की तारीफ की और उन्हें हीरो बताया। हालांकि हमास ने हमले के पीछे अपनी संलिप्तता से इनकार किया।

### गाजा युद्ध के बाद बढ़ीं गोलीबारी की घटनाएं

गाजा में युद्ध के कारण इस्राइली कब्जे वाले इलाकों और इस्राइल में दोनों जगह हिंसा में तेजी आई है। फलस्तीनियों के हमलों में कई इस्राइली नागरिक मारे गए हैं। वहीं वेस्ट बैंक इलाके में फलस्तीनियों पर हमले तेज हुए हैं। अक्तूबर 2024 में भी इस्राइल में ऐसी ही गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें दो फलस्तीनियों ने तेल अवीव के रेल स्टेशन पर गोलीबारी की थी।



## किसानों को 6636 करोड़ रुपए का मिला ब्याज मुक्त ऋण

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन में किसानों को 6636 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है। ब्याज मुक्त ऋण वितरण से 14 लाख 96 हजार किसान लाभान्वित हुए है। यह जानकारी आज अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई।

अपेक्स बैंक की बोर्ड की बैठक में केदार नाथ गुप्ता ने कहा कि डेयरी, मत्स्य पालन और वनोपज प्रसंस्करण जैसी रोजगार आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने खाद की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा करते हुए कहा सहकारिता के अंतर्गत कि इस साल खरीफ सीजन के लिए राज्य सरकार ने 10.72 लाख मेट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा है, और अब तक 8 लाख 69 हजार मेट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इनमें से 8 लाख 01 हजार मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरित किया जा चुका है। समितियों के गोदामों में 67 हजार मेट्रिक टन खाद उपलब्धता है।

बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य के सहकारी बैंकों में 262 एटीएम और सभी पैक्स सोसायटियों में 2058 माइक्रो एटीएम स्थापित किए गए हैं। साथ ही किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 2058 पैक्स सोसायटियो को पीएम किसान समृद्धि केंद्र बनाए गए। इससे किसानों को आसानी से अपने खाते से राशि निकालने की सुविधा मिल रही है। बैठक में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक अजय थुटे, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के.एन. कांडे, संयुक्त पंजीयक उमेश तिवारी, उप पंजीयक व महाप्रबंधक युगल किशोर, ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव, एजीएम अरुण पुरोहित, एजीएम एल के चौधरी और अन्य बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता ऊर्जा उत्पादक के साथ-साथ बन रहे ऊर्जा दाता : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री साय ने सूर्य रथ को दिखाई हरी झंडी



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता अब केवल ऊर्जा उत्पादक ही नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बन रहे हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प को तीव्र गति से पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सौर ऊर्जा जागरूकता और प्रोत्साहन अभियान को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सौर ऊर्जा के फायदों, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और इसके अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी के विषय में लोगों को जानकारी देने और जागरूक करने के उद्देश्य से सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 618 उपभोक्ताओं के खातों में प्रत्येक को 30 हजार रुपये की दर से कुल 1.85 करोड़ रुपये की राज्यांश सब्सिडी का ऑनलाइन अंतरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता प्रदूषण हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक नेट–जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है और छत्तीसगढ़ इस लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे समर्पण और क्षमता के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए हॉफ बिजली बिल से आगे बढ़ते हुए मुफ्त बिजली की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इसे हर्ष का विषय बताते हुए कहा कि प्रदेशवासी इस योजना के महत्व को समझते हुए स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आमजन से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी इस योजना से जोड़ें और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में प्रदेश को अग्रसर बनाने में योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उपभोक्ताओं को सब्सिडी उपलब्ध करा रही हैं। साथ ही बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से आसान वित्तीय सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उपभोक्ताओं को पूर्ण रूप से मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत आज लाभार्थियों को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किए गए हैं। इन योजनाओं से उपभोक्ता स्वयं सौर ऊर्जा का उत्पादन कर बिजली का विक्रय कर रहे हैं और साथ ही सस्ती बिजली का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं।

## अमर गिदवानी की अध्यक्षता में हुई सिंधु महापंचायत की बैठक, संगठन का हुआ विस्तार



**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

शनिवार संध्या 4बजे पूर्व विधायक व पंचायत के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी के सभामंडप पर देवेन्द्र नगर ,छग सिंधु महापंचायत की अति आवश्यक बैठक बुलाई गई।

जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी ने अपनी बात रखते हुए बताया,सिंधी समाज एक है व सम्पूर्ण संगठित है। जब भी देशहित की बात हुई,समाज आगे रहा, चाहे पूर्व में जयरामदास दौलतराम–चोइथराम गिदवानी रहे, चाहे लालकृष्ण आडवानी– राम जेठमलानी जैसे सामाजिक–राजनीतिक महा विभूतियों का समयकाल रहा हो। आज भी सिंधी समाज पंचायतों की व्यवस्था बनाकर जो समाज की छवि एवं नेतृत्व को उभारकर सामने लाया गया है,बल्कि आज पंचायत में यह व्यवस्था रखी जा रही है,क्षेत्रीय इकाई पंचायतें,

जिला पंचायतें,राज्य स्तरीय पंचायतों के गठन की प्रक्रिया जारी है।।हमें आगे बड़ने की दिशा तैयार रखनी है। किसी से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं रखना है।

आगे का समाचार देते हुए पंचायत प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने बताया:सभा में कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने कहा: समाज की पंचायतों का गठन योग्यता के आधार पर हो,बालक– बालिकाओं को भी टीम में लिया जाए। यही हमारा प्रथम प्रयास भी रहेगा।

प्रमुख सलाहकार अमित जीवन ने कहा विस्थापित होकर आए सिंधी समाज ने आज देश में प्रत्येक क्षेत्र में समाज की स्पष्ट छवि बनाई है,हमें पूर्व में केवल व्यापारी कौम समझा जाता था।

रूपचंद भीमनानी राजनांदगांव ने अपने उद्बोधन में कहा: वैचारिक आदान प्रदान के जरीए, समाज को राजनीति में भी आगे आना चाहिए, इस हेतु निकट भविष्य में स्पष्ट रणनीति बनेगी। अध्यक्ष अमर गिदवानी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा:समूचे छग से जो मुखीगण आए हैं,पंचायत गठन में उनका विशेष योगदान रहा है।

आज की बैठक का संचालन कर रहे मुखर वक्ता व कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा ने सभा में कहा:सिंधु संस्कृति का देश में उच्च स्थान रहा है,हमें आगे होनहार बालकों व बालिकाओं को भी राजनीति व हास्पिटल क्षेत्र में सदैव आगे रखना है।

संरक्षक मोहन तेजवानी, चंदर विधानी, गोविंद वाधवानी दल्ली राजहरा,रवि ग्वालानी ने समाज हित हेतु आज के युग में गूगल पर एवं अन्य संसाधनों का पूरा उपयोग किया जाएगा। पंचायत की महिला अध्यक्ष भावना कुकरेजा ने भावुक स्वर में कहा: नारी शक्ति हर परीक्षा के लिए तैयार है,समाज हित में बहनें भी आगे आएंगी। आगे बालिका ग्रुप भी बनाया जा रहा है।।

आज की बैठक में श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष,पार्षद एम आइ सी सदस्य अमर गिदवानी, संरक्षक राम गिडवानी, शमनलाल खूबचंदानी, बसंत कुकरेजा,मोहन तेजवानी, गोविंद वाधवानी, महामंत्री द्वय राधाकिशन सुंदरानी– जीतू बडवानी, राजेश वासवानी, जीतू बडवानी, सचिन मेघानी पार्षद, अशोक मलानी,मूलचंद खत्री, लखमीचंद गुलवानी,सुदेश मंध्यान, राजेश गुरनानी, नानक गिदवानी भाटापारा, हरिराम तलरेजा,जीवतराम तोलवानी,जतिन नचरानी, भीमनदास धनवानी, गुरमुखदास वाधवा,दौलत परप्यानी, किशोर सेतपाल टिल्डा, मुखी गुरनामल रोहरा, हरीश पेसवानी, महेश आहूजा,चंदर देवानी,मोनू आहूजा, जयचंद नावानी, महेश खिलनानी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री साय कल मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की लेंगे बैठक

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 सितंबर 2025 को कोरबा प्रवास पर रहेगें। मुख्यमंत्री श्री साय 10 सितंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभागार कोरबा में आयोजित मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ शासन के मंत्रीगण एवं प्राधिकरण के सदस्य शामिल होंगे। जिला प्रशासन कोरबा द्वारा बैठक की गरिमामय आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कोरबा, गोरेला– पेंड्रा–मरवाही, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार–भाटापारा, सारंगढ़–बिलाईगढ़, बालोद, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, कबीरधाम (कवर्धा), बिलासपुर, रायगढ़ एवं सक्ती जिला शामिल हैं। प्राधिकरण में 51 सदस्य एवं 24 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। जो प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में शामिल होकर स्वीकृत कार्यों के संदर्भ अपने विचार,सुझाव एवं शिकायत रखते हैं।

### सकरी में 49.9 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

## तेजी से विकास कार्य कराएं जा रहे हैं : राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को बलौदाबाजार प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत सकरी में 49.9 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

मंत्री श्री वर्मा ने जिन विकास कार्यों का लोकार्पण– भूमिपूजन किया उनमें 16 लाख रुपए से किसान कल्याण उत्पादक सहकारी समिति कार्यालय का भूमिपूजन शामिल है। इसी प्रकार 5 लाख रुपए से गली कांक्रीटीकरण, 3 लाख रुपए से महामाया मंदिर परिसर में रंगमंच निर्माण, 6.9 लाख रुपए की लागत से योगा शेड का निर्माण, 16 लाख रुपए से महतारी सदन और 3 लाख रुपए से बाजार चौक में रंगमंच भवन का लोकार्पण शामिल है।

इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गांव गरीब, किसान, जवानों के लिए विकास कार्यों को गति दे रही है। जनता से किए गए वादों को समय में पूरा किया जा रहा है।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

### विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

बस्तर और सरगुजा अंचल के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए होटल मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इन अंचलों के युवाओं के प्रशिक्षण में होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति बस्तर तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण के माध्यम से किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में आगामी चक्रधर समारोह, बस्तर पंडुम, रामगढ़ महोत्सव को और बेहतर ढंग से आयोजित करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न विधाओं के स्थानीय कलाकारों का प्रोत्साहन और मंच प्रदान करने तथा उनकी कलाओं को निखारने में आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री रोहित यादव, संचालक संस्कृति श्री विवेक आचार्य सहित पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय रजनी ताई उपासने को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन स्थित रायपुर की पहली महिला विधायक एवं समाजसेवी स्वर्गीय रजनी ताई उपासने के निवास पहुँचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने रजनी ताई उपासने के योगदानों का पुण्य स्मरण किया तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, संतोष शर्मा, जगदीश उपासने सहित परिजन उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि रजनी ताई का निधन पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। आपातकाल के कठिन दौर में उन्होंने जिस साहस और धैर्य का परिचय दिया, वह प्रेरणादायी है। अपने कार्यकाल में उन्होंने जनता के हितों और रायपुर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सादगी, ईमानदारी और समाज से गहरे जुड़ाव के कारण उन्हें विशिष्ट पहचान मिली। वे महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर सक्रिय रहीं। श्री साय ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास से जोड़े: मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

### मंत्रालय में हुई विभागीय समीक्षा बैठक, योजनाओं की प्रगति पर हुई गहन चर्चा

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल में सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए जाएँ, ताकि प्रशिक्षित युवाओं को आसानी से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम चाहते हैं कि हर युवा अपने हुनर के बल पर आत्मनिर्भर बने और उसे बेहतर रोजगार या स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हों। मंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों के युवाओं को योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके।



मंत्री श्री साहेब ने कहा कि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री साहेब ने आज मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार और अनुसूचित जाति विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष बल दिया। मंत्री श्री साहेब ने कहा– छत्तीसगढ़ के तकनीकी संस्थानों को देश के श्रेष्ठ संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए हमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना होगा। प्रयोगशालाओं सहित अन्य सुविधाएँ सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही उन्होंने उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

अनुसूचित जाति विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री साहेब ने अधिकारियों से कहा कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र छात्र को छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहना चाहिए। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा, प्रशिक्षण और आवासीय सुविधाएँ समय पर रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने जिला स्तर पर विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सतत निगरानी हो सके।

## महिला विंग छत्तीसगढ़ चेम्बर का मैग्नेटो मॉल में 'हमारे सपनों का बाज़ार' 24 को




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

महिला विंग छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा आगामी 24 सितम्बर को मैग्नेटो मॉल में हमारे सपनों का बाज़ार का लगाने जा रहा है। महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने सभी लोगों लस अपील करते हुए कहा कि 'संकल्प हमारे सपनों का बाज़ार' में, जहाँ हर महिला के सपनों को साकार करने का एक अनूठा प्रयास किया जा रहा है। यह विशेष बाज़ार प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे बुधवार को मैग्नेटो मॉल में आयोजित होगा।

यहाँ आपको वह सब कुछ मिलेगा जिसकी आपको आवश्यकता है वह भी किफायती दामों पर, सामान्य बाज़ार से सस्ता और बेहतर। बाजार लगने का समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक रहेगा। आइए और इस अवसर का हिस्सा बनें, हम आपकी प्रतीक्षा में हैं।

## विशेष बच्चों की शिक्षा और संस्कार समाज के लिए प्रेरणास्रोत: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

### ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय, विश्रामपुर ने पूरे किए गौरवशाली 30 वर्ष



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

विशेष बच्चों की शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ते कदम पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज ये बातें कहीं। श्रीमती राजवाड़े विश्रामपुर स्थित ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय की 30वीं वर्षगांठ पर आयोजित भव्य समारोह को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विशेष बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयासरत है। समाज और परिवार के सहयोग से ही इन बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। श्रीमती राजवाड़े ने विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय का अवलोकन किया और शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। मंत्री ने विद्यालय की तीन दशक की सेवाओं को सराहते हुए कहा कि ज्ञानोदय विद्यालय ने विशेष बच्चों के लिए शिक्षा और संस्कार का एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिसकी चमक आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचेगी।

कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अभिभावक तथा विद्यालय परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को भाव–विभोर कर दिया। उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा ने वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। विद्यालय की 30 वर्ष की गौरवशाली यात्रा को समाजसेवियों और अभिभावकों ने भी सराहा और भविष्य में इसे और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444